# गणित मेला

कक्षा 3 के लिए गणित की पाठ्यपुस्तक

## भाग - 1



0334

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

विद्यया ऽमृतमश्नुते

एन सी ई आर टी
NCERT

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

**0334 – गणित मेला**
कक्षा 3 के लिए गणित की पाठ्यपुस्तक

**ISBN 978-93-5292-688-6**

**प्रथम संस्करण**
*मई 2024 वैशाख 1946*
**पुनर्मुद्रण**
*मार्च 2025 चैत्र 1946 (NTR)*

**PD NTR AS**

**© राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, 2024**

**₹ 65.00**

*एन.सी.ई.आर.टी. वॉटरमार्क 80 जी.एस.एम. पेपर पर मुद्रित।*

सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, श्री अरविंद मार्ग, नयी दिल्ली 110 016 द्वारा प्रकाशन प्रभाग में प्रकाशित तथा ..... ।

**सर्वाधिकार सुरक्षित**

- प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना इस प्रकाशन के किसी भी भाग को छापना तथा इलैक्ट्रॉनिकी, मशीनी, फ़ोटो प्रतिलिपि, रिकॉर्डिंग अथवा किसी अन्य विधि से पुन: प्रयोग पद्धति द्वारा उसका संग्रहण अथवा प्रचारण वर्जित है।
- इस पुस्तक की बिक्री इस शर्त के साथ की गई है कि प्रकाशन की पूर्व अनुमति के बिना यह पुस्तक अपने मूल आवरण अथवा जिल्द के अलावा किसी अन्य प्रकार से व्यापार द्वारा उधारी पर, पुनर्विक्रय या किराए पर न दी जाएगी, न बेची जाएगी।
- इस प्रकाशन का सही मूल्य इस पृष्ठ पर मुद्रित है। रबड़ की मुहर अथवा चिपकाई गई पर्ची (स्टिकर) या किसी अन्य विधि द्वारा अंकित कोई भी संशोधित मूल्य गलत है तथा मान्य नहीं होगा।

**रा.शै.अ.प्र.प. के प्रकाशन प्रभाग के कार्यालय**

एन.सी.ई.आर.टी. कैंपस
श्री अरविंद मार्ग
**नई दिल्ली 110 016** फोन : 011-26562708

108, 100 फीट रोड
हेली एक्सटेंशन, होस्डेकेरे
बनाशंकरी III इस्टेज
**बेंगलुरू 560 085** फोन : 080-26725740

नवजीवन ट्रस्ट भवन
डाकघर नवजीवन
**अहमदाबाद 380 014** फोन : 079-27541446

सी.डब्ल्यू.सी. कैंपस
निकट : धनकल बस स्टॉप पनिहटी
**कोलकाता 700 114** फोन : 033-25530454

सी.डब्ल्यू.सी. कॉम्प्लेक्स
मालीगाँव
**गुवाहाटी 781 021** फोन : 0361-2676869

**प्रकाशन सहयोग**

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष, प्रकाशन प्रभाग | : | *एम.वी. श्रीनिवासन* |
| मुख्य संपादक | : | *बिज्ञान सुतार* |
| मुख्य उत्पादन अधिकारी (प्रभारी) | : | *जहान लाल* |
| मुख्य व्यापार प्रबंधक | : | *अमिताभ कुमार* |
| उत्पादन अधिकारी | : | *दीपक जैसवाल* |

**आवरण एवं चित्रांकन**

*एमार्ट्स*
*ग्रीन ट्री डिज़ाइनिंग स्टूडियो प्रा.लि.*

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

# आमुख

*राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020* द्वारा संस्तुत शिक्षा का बुनियादी स्तर बच्चों के समग्र विकास के लिए, उन्हें न केवल हमारे देश की संस्कृति और संवैधानिक व्यवस्था से उद्भूत अमूल्य संस्कारों को आत्मसात करने का अपितु बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता अर्जित करने का भी अवलंबन देता है ताकि वे अधिक चुनौतीपूर्ण आरंभिक स्तर के लिए पूर्णरूपेण तैयार हो सकें।

आरंभिक स्तर, जो बुनियादी और मध्य स्तरों के बीच एक सेतु का काम करता है, विद्यालयी शिक्षा की वह तीन वर्षीय अवधि है, जिसमें कक्षा 3 से कक्षा 5 सम्मिलित हैं। यह कहना अनावश्यक होगा कि इस स्तर पर बच्चों को मिलने वाली शिक्षा, आवश्यक रूप से आधारभूत स्तर के शिक्षा उपागम पर आधारित होगी। खेल-आधारित, खोज और गतिविधि प्रेरित सीखने-सिखाने की विधियाँ सतत रहेंगी लेकिन इसी बीच इस स्तर पर बच्चों को पाठ्यपुस्तकों और कक्षाओं से अधिक औपचारिक रूप में परिचित कराया जाएगा। इसका उद्देश्य बच्चों को कठिन स्थिति में डालना नहीं है अपितु उनमें पठन, लेखन एवं वाचन के साथ-साथ चित्रकला और संगीत इत्यादि के माध्यम से समग्र अधिगम और आत्म-अन्वेषण के लिए सभी विषयों के द्वारा आधार तैयार करना है।

अतः इस स्तर पर बच्चे शारीरिक शिक्षा, कला शिक्षा व पर्यावरण शिक्षा के साथ-साथ भाषाओं, गणित, आरंभिक विज्ञान और सामाजिक विज्ञान से भी परिचित होंगे। यहाँ यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बच्चों का संज्ञानात्मक-संवेदनात्मक तथा भौतिक-प्राणिक स्तरों पर समग्र विकास हो ताकि वे सहजता से मध्य स्तर में प्रवेश कर सकें।

कक्षा 3 के लिए वर्तमान पाठ्यपुस्तक *गणित मेला* इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु विकसित की गई है। इस प्रकार *राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020* की संस्तुतियों और विद्यालयी शिक्षा के लिए *राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2023* का अक्षरशः अनुपालन करते हुए, यह पाठ्यपुस्तक बच्चों में अवधारणात्मक समझ, तार्किक चिंतन, रचनात्मकता, आधारभूत मूल्यों और प्रवृत्तियों के विकास पर समान बल देती है, जो इस स्तर की शिक्षा में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस उद्देश्य के साथ ही समावेशन, बहुभाषिकता, जेंडर समानता और सांस्कृतिक जुड़ाव के साथ-साथ सूचना एवं प्रौद्योगिकी का उचित एकीकरण और स्कूल-आधारित समग्र मूल्यांकन आदि समस्त विषयों से संयोजित होने वाले क्षेत्रों को पाठ्यपुस्तक में सम्मिलित किया गया है। इन सबके साथ-साथ भरपूर रोचक विचारों और गतिविधियों से पूर्ण यह पुस्तक निश्चित रूप से बच्चों के लिए केवल रोचक ही नहीं होगी, अपितु वे इसे ध्यानपूर्वक पढ़ने में भी रुचि रखेंगे; इसमें सम्मिलित सभी विचारों को समझेंगे और इसमें सुझाई गई गतिविधियों को अपने सहपाठियों और शिक्षकों के साथ मिलकर करेंगे। सहपाठियों के समूह में सीखना न केवल रोचक होता है, बल्कि यह बहुत महत्वपूर्ण भी है क्योंकि इससे संबंधित अन्य गतिविधियों का पता चलता

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

है, जो सीखने की प्रक्रिया को आनंदमय और लाभप्रद बनाती हैं। इसलिए, इस पाठ्यपुस्तक में दी गई गतिविधियों से सीखकर, विद्यार्थी और शिक्षक दोनों, इस स्तर पर अपना अनुभव समृद्ध करने के लिए और भी बहुत सारी आनंददायक गतिविधियों को कर पाएँगे।

इसके साथ ही, यहाँ यह महत्वपूर्ण बात ध्यान में रखनी चाहिए कि पाठ्यपुस्तक का शिक्षणशास्त्रीय पक्ष समझ, मौलिकता, तर्कशक्ति और निर्णय लेने पर ध्यान केंद्रित करता है। इस स्तर पर बच्चे स्वाभाविक रूप से उत्सुक होते हैं और उनके पास बहुत सारे प्रश्न होते हैं। इसलिए सीखने के मूल सिद्धांतों पर आधारित गतिविधियों की रूपरेखा बनाते समय उनकी उत्सुकता को संबोधित करने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। यद्यपि बुनियादी स्तर से खेल द्वारा सीखने की विधियाँ निरंतर रहेंगी, तथापि इस स्तर में शिक्षा और सीखने में सम्मिलित खिलौनों और खेलों की प्रकृति बदलेगी, अब यह खेल केवल आकर्षक होने के बजाय बच्चों को सीखने की प्रक्रिया से अधिक जोड़ सकेंगे।

इसी तरह, इस पुस्तक से सीखना अपने आप में महत्वपूर्ण है, साथ ही यह अपेक्षा है कि बच्चे इस विषय पर बहुत-सी अन्य पुस्तकें भी पढ़ेंगे और सीखेंगे। स्कूलों में पुस्तकालयों को इस संबंध में प्रावधान करने की आवश्यकता है। साथ ही, इस प्रकार से माता-पिता और शिक्षक उन्हें और अधिक सीखने में सहायता करेंगे, ऐसी अपेक्षा है।

यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि सीखने के लिए प्रभावी वातावरण यह सुनिश्चित कर सकता है कि बच्चे ध्यान, उत्साह और जुड़ाव के साथ सीखने के लिए प्रेरित रहें और जिज्ञासा तथा सृजनशीलता के विकास हेतु प्रोत्साहित रहें।

इस विश्वास के साथ, मैं यह पुस्तक आरंभिक स्तर के सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए अनुशंसित करता हूँ। मैं इस पाठ्यपुस्तक के विकास में सम्मिलित सभी लोगों का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इस उत्कृष्ट प्रयास को साकार किया है और आशा करता हूँ कि यह पुस्तक सभी संबंधित लोगों की अपेक्षाओं को पूरा करेगी।

व्यवस्थागत सुधारों और अपने प्रकाशनों को निरंतर परिष्कृत करने के प्रति समर्पित राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् आपकी टिप्पणियों एवं सुझावों का स्वागत करेगी जिनसे भावी संशोधनों में सहायता ली जा सकती है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

दिनेश प्रसाद सकलानी
*निदेशक*
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

*नई दिल्ली*
16 अप्रैल 2024



Prelims.indd 4 3/6/2025 4:27:23 PM

# पाठ्यपुस्तक के विषय में

कक्षा 3 के लिए *गणित मेला* पुस्तक हाल के दस्तावेजों, जैसे– राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) 2020 और स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एन.सी.एफ.-एस.ई.) 2023 के आधार पर विकसित की गई है। इन सभी दस्तावेजों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चे बुनियादी संख्यात्मक कौशल और सोचने की क्षमता हासिल करें; गणितीय और तार्किक रूप से समस्याओं को हल करें; मात्राओं और कारणों के संबंध में अंतर्ज्ञान विकसित करें तथा आनंद, आश्चर्य और जिज्ञासा की भावना महसूस करें। आरंभिक स्तर विशेष रूप से संख्याओं, आकृतियों और स्थानिक संबंधों, माप और डेटा प्रबंधन, प्रक्रियात्मक कौशल और प्रवाह तथा कम्प्यूटेशनल सोच के बारे में वैचारिक अवधारणाओं के विकास पर केंद्रित है।

कक्षा 3 की यह पाठ्यपुस्तक शिक्षार्थियों को बुनियादी स्तर पर अपनी शिक्षा को मज़बूत करने और अधिक अमूर्त विचारों से निपटने की दिशा में प्रगति करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन की गई है। पुस्तक के अध्याय गणित के मूलभूत विचारों जैसे पूर्ण संख्याएँ और उनकी संक्रियाओं, भिन्नों, आकृतियों और स्थानिक संबंधों का परिचय, मापन (लंबाई, वजन, क्षमता, समय) और आँकड़ों के प्रबंधन का परिचय आदि पर आधारित हैं। यद्यपि प्रत्येक अध्याय की एक विशेष विषयवस्तु है (पहले के विचारों पर निर्माण करना और अन्य विचारों से संबंध बनाना), ये पूरी पुस्तक में बार-बार घटित होंगे।

हमारा दृढ़ विश्वास है कि युवा शिक्षार्थी विभिन्न तरीकों से तर्क करने, सोचने और समस्या सुलझाने में सक्षम हैं। इसलिए, पुस्तक विचारों और अलग-अलग विचारों के बीच संबंधों को पहचानने और उन पर ध्यान देने, कथनों के उदाहरण और प्रति-उदाहरण देने, गणितीय विचारों का उपयोग करके वस्तुओं का निर्माण करने, मापने और मात्रा निर्धारित करने, अनुमान लगाने और समस्याओं को हल करने के लिए कई अवसर प्रदान करती है। अध्यायों में कुछ स्थानों पर 'आइए खेलते हैं' के अंतर्गत अभ्यासों, खेलों और पहेलियों के माध्यम से अंकगणितीय कौशलों को निखारने के भी अवसर प्रदान किए गए हैं। खेलों और पहेलियों के पीछे एक अन्य महत्वपूर्ण उद्देश्य शिक्षार्थियों को तनावमुक्त और आनंदमय शिक्षा प्रदान करना है। इनमें से अधिकांश का मूल्यांकन करने की आवश्यकता नहीं है। कुछ कार्यों का उद्देश्य 'कम्प्यूटेशनल सोच' है जहाँ शिक्षार्थियों से पैटर्न को समझने और स्पष्ट करने तथा विभिन्न बाधाओं को पार करते हुए पूर्ण समाधान खोजने की अपेक्षा की जाती है।

हमारा यह भी मानना है कि शिक्षार्थियों को गणित के प्रति रुचि विकसित करनी चाहिए, न कि इससे डरना चाहिए। इस पाठ्यपुस्तक के अध्यायों में कई मनोरंजक गतिविधियाँ, कार्य, खेल और पहेलियाँ दी गई हैं जो बच्चों के सहज ज्ञान और आस-पास की दुनिया में उनके अनुभवों पर आधारित हैं। इन्हें अध्यायों में कई स्थानों पर 'आइए करते हैं' के अंतर्गत दिया गया है। इनका उपयोग कभी-कभी

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

अवधारणा में प्रवेश करने और कभी-कभी विचारों को समेकित करने के अवसर प्रदान करने हेतु किया जाता है। अध्यायों में दी गई कहानियों को विविध चित्रांकनों के साथ दिया गया है, जो इन अध्यायों में विद्यार्थियों को दिए गए कामों से भी अभिन्न रूप से जुड़े हैं। हमें उम्मीद है कि यह शिक्षार्थियों को चित्र पढ़ने और महत्वपूर्ण गणितीय विचारों को विकसित करने के लिए उनका उपयोग करने में समर्थ बनाएगा। यद्यपि अध्यायों में उपयुक्त गणितीय शब्दावली और सोच को संप्रेषित करने के तरीकों को उदाहरणों के माध्यम से दिखाया गया है, भाषाई निर्देशों और स्पष्टीकरण को न्यूनतम रखा गया है ताकि शिक्षार्थी पुस्तक को पढ़ सकें और उसका अर्थ समझ सकें।

गणित, ज्ञान का एक एकीकृत निकाय है जिसमें विचारों का एक संबद्ध और सुसंगत समूह होता है। इसे आम तौर पर साझा की गई धारणाओं पर तार्किक रूप से बनाया जा सकता है। गणितीय सोच और तर्क गणित सीखने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह पुस्तक शिक्षार्थियों को गणितीय नियमों और प्रक्रियाओं को रटकर याद करने के उन तरीकों से दूर ले जाने का प्रयास करती है जो शिक्षार्थियों की जिज्ञासा को खत्म करते हैं और उन पर बोझ डालते हैं। इसके विपरीत यह शिक्षार्थियों को महत्वपूर्ण गणितीय विचारों का पता लगाने और उन्हें खोजने के लिए प्रेरित करती है। पुस्तक में विभिन्न स्थानों पर आए 'आइए सोचते हैं', 'आइए पता लगाएँ' और 'आइए चर्चा करते हैं' नामक अनुभागों का उद्देश्य शिक्षार्थियों को अपनी सोच का कारण जानने के प्रति उत्सुक रखना है। इससे उन्हें कारण और अंतर्दृष्टि मिलेगी जिसका उपयोग विचारों को याद रखने और उन्हें लचीले ढंग और रचनात्मक रूप से लागू करके आगे सीखने को आसान बनाने के लिए किया जा सकता है। गणित की इन प्रक्रियाओं से जुड़ना महत्वपूर्ण है ताकि शिक्षार्थी आत्मविश्वास से और बिना किसी डर और चिंता के नियमित गणितीय समस्याओं से आगे बढ़ सकें। हम आशा करते हैं कि सावधानीपूर्वक चुनी गई शिक्षण गतिविधियाँ उन्हें विचारों को समझने, समस्याओं को हल करने की क्षमता विकसित करने, इस प्रक्रिया में आश्चर्य और आनंद का अनुभव करने और गणित की दुनिया के बारे में उत्सुक होने में मदद करेंगी।

हमारा मानना है कि बच्चों के लिए समस्याओं पर काम करने और उनके समाधान और विचारों को साझा करने के लिए उपलब्ध समय एन.ई.पी. 2020 और एन.सी.एफ.-एस.ई. 2023 के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण होगा। पुस्तक में उपयुक्त गतिविधियों एवं अनुभवों के माध्यम से (कक्षा और घर व उसके आस-पास से संबंधित) गणितीय विचारों के विकास हेतु कई सुझाव दिए गए हैं। हमारे बच्चों के लिए सीखने की बदलती परिस्थितियों में शिक्षकों और माता-पिता का समर्थन एक बेहतर और अधिक आत्मविश्वासी राष्ट्र के सपनों को हासिल करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा।

यह पुस्तक शिक्षार्थियों के लिए काम करने, उनकी सोच को विकसित करने और संप्रेषित करने के लिए सरल, सस्ती, ठोस सामग्री बनाने की भी सलाह देती है। पुस्तक के अंत में अध्यायों में दिए गए कुछ कार्यों के लिए अधिगम सामग्री पत्रक भी दिए गए हैं। गतिविधियों और सामग्रियों के लिए शिक्षण संकेत में कुछ और विचार भी दिए गए हैं। पुस्तक के विभिन्न अध्याय स्थिति को समझने और आगे की रणनीति बनाने के लिए सामग्री के उपयोग से लेकर चित्रों के उपयोग और योजनाबद्ध आरेख बनाने तक के क्रमिक विकास को भी दर्शाते हैं। पुस्तक सामग्रियों और चित्रों का उपयोग करके

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED



Prelims.indd 6 3/6/2025 4:27:23 PM

विचारों के लिए मॉडल बनाने का प्रयास करती है ताकि शिक्षार्थी स्वतंत्र रूप से अपनी सोच के लिए उनका उपयोग कर सकें। हम शिक्षकों और अभिभावकों से ईमानदारी से आग्रह करेंगे कि वे शिक्षण हेतु पुस्तक में सुझाए गए विचारों के अनुक्रम का उपयोग करें और नियमों व प्रक्रियाओं में जल्दबाजी न करें। जब बच्चों में बेहतर समझ विकसित होगी, तो वे नियमों और प्रक्रियाओं को समझने की बेहतर स्थिति में होंगे। इसी तरह की देखभाल माता-पिता और बड़े भाई-बहनों को भी करनी होगी जो इस पुस्तक के माध्यम से बच्चों को सीखने में मदद कर सकते हैं। पुस्तक में दिए गए 'शिक्षण संकेत' बच्चे की शिक्षा को उपयुक्त तरीके से बढ़ाने में शिक्षकों और अभिभावकों के लिए सहायक होंगे।

पुस्तक में दी गई गतिविधियों और कार्यों के लिए यह भी आवश्यक है कि बच्चे आपस में बात करें और अपने विचारों पर चर्चा करें। जिस कक्षा में शिक्षार्थियों के विचारों का स्वागत और सम्मान होता है, वहाँ सीखने में उल्लेखनीय सुधार होगा। ऐसे में शिक्षार्थी सोचने और विचारों का उपयोग करने के विभिन्न तरीकों और वैकल्पिक समाधानों को देखेंगे जिससे उन्हें समय के साथ बेहतर और स्वतंत्र समाधान प्राप्त होंगे। उन्हें एक-दूसरे के समाधानों की जाँच करने और गणितीय भाषा, प्रतीकों और प्रक्रियाओं के साथ एक सहज प्रवाह विकसित करने के अवसर मिलेंगे। यह शिक्षक के लिए भी सीखने के बेहतर आकलन के रूप में काम करेगा और उन्हें प्रतिपुष्टि (फ़ीडबैक) प्रदान करेगा। पुस्तक में दिए गए अभ्यास इस बात के भी उदाहरण हैं कि शिक्षार्थियों का मूल्यांकन कैसे किया जा सकता है। मूल्यांकन कई रूपों में किया जाना चाहिए, जैसे– सामग्री और चित्रों के उपयोग, समस्या स्थितियों और बुनियादी समस्याओं, गतिविधियों, वस्तुओं के निर्माण और समाधानों को साझा करने और समझाने के माध्यम से। यह पुस्तक अनुकूली मूल्यांकन, सीखने के लिए मूल्यांकन और बच्चे के सीखने एवं विभिन्न गतिविधियों में लगे होने के दौरान सीखने के रूप में मूल्यांकन के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करती है। जब शिक्षार्थी अपने विचारों पर चर्चा कर रहा हो, पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दे रहा हो और उत्तर के लिए तर्क बता रहा हो, तो शिक्षक अपनी टिप्पणियों को नोट कर सकते हैं। इस रिकॉर्ड को शिक्षार्थी के पोर्टफोलियो में शामिल किया जा सकता है। पुस्तक में सभी अवधारणाओं को कुछ कागज-कलम कार्यों (प्रश्नों, शब्द समस्याओं और परियोजनाओं) के साथ समाप्त किया गया है जिन्हें बच्चा कक्षा में या घर पर पूरा कर सकता है। ऐसे कार्य लिखने का अभ्यास करने और अपनी सोच को एक कागज पर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करते हैं।

आने वाले समय में, हम शिक्षकों और शिक्षार्थियों को वीडियो, अभ्यास कार्यपत्रकों (वर्कशीट) और ऑनलाइन स्रोतों के लिंक के रूप में और अधिक संसाधन उपलब्ध कराएँगे।

हमें उम्मीद है कि पुस्तक सभी के लिए आनंददायक होगी और सीखने-सिखाने की बेहतर स्थिति पैदा करेगी।

अनूप कुमार राजपूत
*आचार्य*, प्रारंभिक शिक्षा विभाग
रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED



Prelims.indd 7 3/6/2025 4:27:23 PM

# राष्ट्रीय पाठ्यक्रम एवं शिक्षण-अधिगम सामग्री समिति (एन.एस.टी.सी.)

महेश चंद्र पंत, *कुलाधिपति*, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (**अध्यक्ष**)

मञ्जुल भार्गव, *आचार्य*, प्रिंसटन विश्वविद्यालय (**सह अध्यक्ष**)

सुधा मूर्ति, प्रतिष्ठित लेखिका एवं शिक्षाविद

बिबेक देबरॉय, *अध्यक्ष*, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् (ई.ए.सी.-पी.एम.)

शेखर मांडे, *पूर्व महानिदेशक*, सी.एस.आई.आर. एवं *प्रतिष्ठित प्रोफेसर,* सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे

सुजाता रामदोरई, *आचार्य*, ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय, कनाडा

शंकर महादेवन, संगीत विशेषज्ञ, मुंबई

यू. विमल कुमार, *निदेशक*, प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी, बेंगलुरू

मिशेल डैनिनो, *विज़िटिंग आचार्य*, आई.आई.टी. गांधीनगर

सुरीना राजन, *आई.ए.एस.* (सेवानिवृत्त), हरियाणा एवं *पूर्व महानिदेशक*, एच.पी.ए.

चामू कृष्ण शास्त्री, *अध्यक्ष*, भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय

संजीव सान्याल, *सदस्य*, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् (ई.ए.सी.-पी.एम.)

एम.डी. श्रीनिवास, *अध्यक्ष*, सेंटर फॉर पॉलिसी स्टडीज़, चेन्नई

गजानन लोंढे, *हेड*, प्रोग्राम ऑफिस, एन.एस.टी.सी.

रेबिन छेत्री, *निदेशक*, एस.सी.ई.आर.टी., सिक्किम

प्रत्यूष कुमार मंडल, *आचार्य,* सामाजिक विज्ञान शिक्षा विभाग, रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली

दिनेश कुमार, *आचार्य,* योजना एवं अनुवीक्षण प्रभाग, रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली

कीर्ति कपूर, *आचार्य,* भाषा शिक्षा विभाग, रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली

रंजना अरोड़ा, *आचार्य* एवं *अध्यक्ष*, पाठ्यचर्या अध्ययन एवं विकास विभाग, रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली (**सदस्य-सचिव**)

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

# पाठ्यपुस्तक निर्माण समूह

## मार्गदर्शन

महेश चंद्र पंत, *अध्यक्ष*, राष्ट्रीय पाठ्यक्रम एवं शिक्षण-अधिगम सामग्री समिति (एन.एस.टी.सी.) तथा *सदस्य*, समन्वयन समिति, पाठ्यचर्या क्षेत्र समूह — आरंभिक स्तर, रा.शै.अ.प्र.प, नई दिल्ली

मञ्जुल भार्गव, *सह अध्यक्ष*, राष्ट्रीय पाठ्यक्रम एवं शिक्षण-अधिगम सामग्री समिति तथा *सदस्य*, समन्वयन समिति, पाठ्यचर्या क्षेत्र समूह — आरंभिक स्तर, रा.शै.अ.प्र.प, नई दिल्ली

सुनीति सनवाल, *प्रोफेसर* एवं *अध्यक्ष*, प्रारंभिक शिक्षा विभाग, रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली तथा *सदस्य संयोजक*, समन्वयन समिति, पाठ्यचर्या क्षेत्र समूह — आरंभिक स्तर, रा.शै.अ.प्र.प, नई दिल्ली

## अध्यक्ष, उप-समूह (गणित)

राखी बनर्जी, *सह आचार्य*, अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय

## सहयोग

अजय शर्मा, *सहायक आचार्य*, प्रारंभिक शिक्षा विभाग, रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली

गरिमा पांडे, *शिक्षिका*, दिल्ली नगर निगम स्कूल, दिल्ली

गुंजन खुराना, *शोधकर्ता*, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली

छवि कटारिया, *गणित शिक्षक*, टेक महिंद्रा फाउंडेशन

जसनीत कौर, *प्रवक्ता*, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, हरियाणा

धर्म प्रकाश, पूर्व *आचार्य*, रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली

निशा नेगी, *वरिष्ठ परामर्शदाता*, प्रारंभिक शिक्षा विभाग, रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली

पद्मप्रिया शिराली, *प्रधानाचार्य*, सह्याद्री स्कूल, पुणे

पार्वती भट्ट, *सहायक अध्यापक*, कर्नाटक पब्लिक स्कूल, उत्तरहल्ली, बेंगलुरु, कर्नाटक

पुष्पा थंत्री, *निदेशक-कार्यक्रम*, अक्षरा फाउंडेशन

मुकेश मालवीय, *अध्यापक शिक्षक*, मध्य प्रदेश

मुकुंद कुमार झा, *परामर्शदाता*, प्रारंभिक शिक्षा विभाग, रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली

रितु गिरी, *प्राथमिक स्कूल शिक्षक*, शिक्षा निदेशालय, दिल्ली

रुचि कुमार, *सहायक आचार्य*, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

शिवकुमार के.एम., *निदेशक*, शिक्षणशास्त्र और नवाचार (गणित), सीड2सैंपलिंग एजुकेशन फाउंडेशन, बेंगलुरु

श्वेता एस. नाइक, *वैज्ञानिक अधिकारी*, होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र, मुंबई

सुरेखा भार्गव, *सहायक अध्यापक* (सेवानिवृत्त), बाल भारती पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा, नई दिल्ली

हनीत गाँधी, *आचार्य*, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

श्रवण एस.के., *मुख्य पाठ्यचर्या डिज़ाइनर* (गणित), सीड2सैंपलिंग एजुकेशन फाउंडेशन, बेंगलुरु

### समीक्षक

अनुराग बेहर, *सी.ई.ओ.*, अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन तथा *सदस्य*, एन.ओ.सी.

मञ्जुल भार्गव, *आचार्य,* प्रिंसटन विश्वविद्यालय और *सह अध्यक्ष*, राष्ट्रीय पाठ्यक्रम एवं शिक्षण-अधिगम सामग्री समिति तथा *सदस्य*, समन्वयन समिति, पाठ्यचर्या क्षेत्र समूह— आरंभिक स्तर, रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली

### हिंदी रूपांतरण

भारती कुमारी, *प्रोजेक्ट मैनेजर*, श्री राम मॉडल स्कूल, नई दिल्ली

मुकुंद कुमार झा, *परामर्शदाता*, प्रारंभिक शिक्षा विभाग, रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली

### सदस्य-समन्वयक, उप-समूह (गणित)

अनूप कुमार राजपूत, *आचार्य*, प्रारंभिक शिक्षा विभाग एवं *अध्यक्ष*, प्रकाशन प्रभाग, रा.शै.अ.प्र.प., नई दिल्ली

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Prelims.indd 12 3/6/2025 4:27:24 PM

# आभार

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, राष्ट्रीय पाठ्यचर्चा की रूपरेखा पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों; पाठ्यचर्या क्षेत्र समूह — आरंभिक स्तर के सभी सदस्यों तथा अन्य अंत:संबंधी विषयों के लिए गठित पाठ्यचर्या क्षेत्र समूहों के अध्यक्षों एवं सदस्यों के प्रति इस पुस्तक के निर्माण की प्रक्रिया में मार्गदर्शन एवं समीक्षा हेतु बहुमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त करती है।

परिषद्, इस पाठ्यपुस्तक में जेंडर समेकन एवं समावेशन तथा कला शिक्षा आदि जैसे अंत:संबंधी विषयों की समीक्षा के लिए इंद्राणी भादुड़ी, *आचार्य* एवं *अध्यक्ष*, शैक्षिक सर्वेक्षण प्रभाग; मोना यादव, *आचार्य,* जेंडर अध्ययन विभाग; विनय सिंह, *आचार्य* एवं *अध्यक्ष*, विशेष आवश्यकता समूह शिक्षा विभाग; मिली रॉय, *आचार्य* एवं *अध्यक्ष*, जेंडर अध्ययन विभाग; और ज्योत्सना तिवारी, *आचार्य* एवं *अध्यक्ष*, कला एवं सौंदर्यबोध शिक्षा विभाग, रा.शै.अ.प्र.प. के प्रति आभार व्यक्त करती है।

इस पाठ्यपुस्तक के विकास में सहायता प्रदान करने के लिए परिषद्, श्वेता शर्मा, *टी.जी.टी., एस.डी.* एस.वी.एम. तलवाड़ा, पंजाब; नज़राना खान, *वरिष्ठ अनुसंधान सहयोगी* (एस.आर.ए.) और गज़ाला परवीन, *अनुसंधान सहयोगी* (आर.ए.), प्रारंभिक शिक्षा विभाग, रा.शै.अ.प्र.प. के प्रयासों की सराहना करती है। परिषद्, इस पाठ्यपुस्तक के प्रारूपण, आवरण एवं चित्रांकन के लिए अचिन जैन, ग्रीन ट्री डिज़ाइनिंग स्टूडियो और संतोष मिश्रा, एमार्ट्स, दिल्ली के प्रति आभार व्यक्त करती है।

परिषद्, इस पाठ्यपुस्तक को अंतिम रूप देने के लिए प्रकाशन प्रभाग के प्रति आभारी है। परिषद्, पाठ्यपुस्तक के संपादन के लिए अतुल मिश्रा, *संपादक* (संविदा) तथा पुस्तक को प्रकाशन हेतु अंतिम रूप से तैयार करने के लिए पवन कुमार बरियार, *प्रभारी*, डी.टी.पी. प्रकोष्ठ और अजय कुमार प्रजापति *डी.टी.पी. ऑपरेटर* (संविदा), प्रकाशन प्रभाग, रा.शै.अ.प्र.प. के प्रति आभार प्रकट करती है।

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

# राष्ट्र–गान

*जन–गण–मन–अधिनायक, जय हे*
*भारत–भाग्य–विधाता।*
*पंजाब–सिंध–गुजरात–मराठा*
*द्राविड़–उत्कल–बंग*
*विंध्य–हिमाचल–यमुना–गंगा*
*उच्छल जलधि तरंग।*
*तव शुभ नामे जागे,*
*तव शुभ आशिष मागे।*
*गाहे तव जय–गाथा।*
*जन–गण–मंगल–दायक जय हे*
*भारत–भाग्य–विधाता।*
*जय हे, जय हे, जय हे,*
*जय जय जय, जय हे!*

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

हमारा राष्ट्र-गान रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा मूलत: बांग्ला भाषा में रचा गया था। भारत के राष्ट्र-गान के रूप में इसके हिंदी रूपांतरण का अंगीकार संविधान सभा द्वारा 24 जनवरी 1950 को किया गया।

# विषय-सूची


| | |
|---|---|
| *आमुख* | *iii* |
| *पाठ्यपुस्तक के विषय में* | *v* |
| अध्याय 1 — नाम में क्या है? | 1 |
| अध्याय 2 — खिलौनों का आनंद | 9 |
| अध्याय 3 — दोहरा शतक | 16 |
| अध्याय 4 — नानी माँ के साथ छुट्टियाँ | 29 |
| अध्याय 5 — आकृतियों के साथ आनंद | 44 |
| अध्याय 6 — सैकड़ों का घर-1 | 64 |
| अध्याय 7 — रक्षाबंधन | 82 |


@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



## अगर आप ...


पढ़ाई एवं परीक्षा


निजी संबंधों


करियर


साथियों के दबाव

**को लेकर किसी भी तरह के तनाव, चिंता, परेशानी, उदासी या उलझन में हैं, तो काउंसलर की मदद लें**



**कॉल करें**
**8448440632**

राष्ट्रीय टोल-फ्री काउंसलिंग टेली-हेल्पलाइन
सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक
सप्ताह के प्रत्येक दिन

## मनोदर्पण

कोविड-19 के प्रकोप के दौरान और उसके बाद विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण हेतु मनो-सामाजिक सहायता
(आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल)

**www.https://manodarpan.education.gov.in**

NOT TO BE REPUBLISHED

# 1 नाम में क्या है?

0334CH01



बहुत समय पहले तारकेश्वर में एक गौपालक परिवार रहता था। देबा और दीप प्रतिदिन गायों को चराने के लिए बाहर ले जाते थे। वे दोनों देर शाम को गायों को लेकर साथ-साथ आते थे।

एक दिन देबा ने पूछा कि हम कैसे पता करें कि हमारी कोई गाय खोई नहीं है? वे दोनों गिनना नहीं जानते थे।



**देबा और दीप क्या कर सकते थे?**


उनके मित्र ने उन्हें एक सुझाव दिया कि जब आप गायों को लेकर बाहर जाएँ तो प्रत्येक गाय के लिए दीवार पर एक चिह्न लगा दें। जब गायें वापस लेकर आएँ तो जैसे ही कोई गाय द्वार में प्रवेश करे तो प्रत्येक गाय के लिए दीवार पर एक चिह्न काट दें।

अगले दिन उन्होंने अपने मित्र के सुझाव का अनुसरण किया और जब सभी गायें वापस घर आ गईं तो सभी चिह्न कट गए।



**क्या सभी गायें घर वापस आ गईं?**

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



कुछ वर्षों बाद उनके पास बहुत सारी गायें हो गईं। जब एक दिन वे घर से बाहर निकले तो उनकी दीवार पर बहुत सारे चिह्न थे।

उनके पास ..... गायें थीं।

अगले दिन वे गायें लेकर लौट आए। उन्होंने प्रत्येक गाय के द्वार के अंदर जाने पर एक चिह्न काट दिया। दीवार पर अभी भी दो चिह्न बाकी थे, परंतु उन्हें बाहर कोई गाय नहीं दिखी। वे दोनों चिंतित थे।

## देबा और दीप चिंतित क्यों थे?

कितनी गायें वापस घर पहुँच गईं थी? .....

देबा और दीप तुरंत खोई हुई गायों को खोजने गए और वे उन्हें पास के खेत में मिलीं। वे सभी खुशी से साथ-साथ वापस घर लौट आए।

उनके मित्र हेमंत के पास 36 गायें और 23 भेड़ें थीं।

देबा और दीप की तरह चिह्न लगाकर गायों और भेड़ों का हिसाब रखने में सहायता कीजिए—



**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थियों को संख्याओं का उपयोग किए बिना वस्तुओं के बड़े समूहों को गिनने के लिए विभिन्न विधियों के विषय में सोचने के लिए प्रोत्साहित कीजिए। वे उपरोक्त कहानी का एक गतिविधि के रूप में भी उपयोग कर सकते हैं जहाँ वे कक्षा में प्रवेश करते समय और निकलते समय सभी विद्यार्थियों का लेखा-जोखा रख सकते हैं।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 1.indd 2 3/4/2025 11:10:45 AM

## आइए करते हैं

1. कुछ पशु-पक्षी खेल खेलने के लिए एकत्रित हुए। वे दो दल बनाना चाहते थे। उन्होंने निर्णय लिया कि पहले दल का नायक सबसे लंबे नाम वाला होगा अर्थात जिसके नाम में सबसे अधिक अक्षर हैं, वह होगा। दूसरे दल का नायक सबसे छोटे नाम वाला होगा अर्थात जिसके नाम में सबसे कम अक्षर हैं, वह होगा।




दोनों दलों के नायकों का पता लगाइए—

पहला दल :

अक्षरों की संख्या :

दूसरा दल :

अक्षरों की संख्या :

क्या आप किसी ऐसे पशु का नाम जानते हैं जिसका नाम पहले समूह के नायक से भी अधिक लंबा हो?

2. किसका नाम लंबा है? चर्चा कीजिए।




महेश

कार्तिक

© KTES NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 1.indd 3 3/4/2025 11:10:47 AM

3. नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में अपने मित्रों के नाम लिखिए तथा (क) से (च) तक प्रश्नों के उत्तर दीजिए —



(क) सबसे लंबे नाम पर ✓ का चिह्न लगाइए और सबसे छोटे नाम पर ✗ का चिह्न लगाइए।

(ख) अपने नाम का प्रारंभिक अक्षर लिखिए। .....

(ग) उन सभी नामों को गिनिए जिनका प्रारंभिक अक्षर आपके नाम के प्रारंभिक अक्षर के समान है।

(घ) कौन-से प्रारंभिक अक्षर का सर्वाधिक उपयोग हुआ है? इससे आरंभ होने वाले नामों को गिनिए।

(ङ) उन नामों को गिनिए जिनके अंतिम अक्षर समान हैं।

(च) उन अक्षरों को लिखिए जो कि किसी भी नाम के प्रारंभिक अक्षर नहीं हैं।

.....



**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – शिक्षक विद्यार्थियों से कक्षा में सबसे छोटे व सबसे लंबे नामों को चिह्नित करने के लिए कह सकते हैं। कक्षा में चर्चा के माध्यम से उनकी युक्ति साझा करने में उनकी सहायता करें।

© KTDS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 1.indd 4 3/4/2025 11:10:47 AM

4. ज्योति और जगदीश इन पत्रकों (कार्ड्स) का उपयोग करके संख्याएँ बना रहे हैं।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एक | दो | तीन | दस | ग्यारह | बारह | तेरह |
| चार | पाँच | छह | चौदह | पंद्रह | सोलह | सत्रह |
| सात | आठ | नौ | अठारह | उन्नीस | | |

बीस | तीस | चालीस | पचास | साठ | सत्तर | अस्सी | नब्बे



ज्योति अपना अनुक्रमांक (रोल नंबर) 43 ढूँढ़ती है। इसके संख्या-नाम में चार अक्षर हैं।

तैंतालीस

जगदीश अपना अनुक्रमांक 17 ढूँढ़ता है। इसके संख्या-नाम में तीन अक्षर हैं।

सत्रह



(क) ऊपर दिखाए गए संख्या-पत्रक (नंबर कार्ड) का उपयोग करके अपना अनुक्रमांक लिखिए। पुस्तक के अंत में संख्या-पत्रक दिए गए हैं।

- मेरा अनुक्रमांक ..... है।
- इस संख्या-नाम में ..... अक्षर हैं।

(ख) अपनी अभ्यास पुस्तिका में कुछ संख्याएँ एवं उन संख्याओं के नाम लिखिए। प्रत्येक संख्या में कितने अक्षर हैं?



## आइए विचार करते हैं



ज्योति और जगदीश ने संख्या 42 (बयालीस) बनाई जिसमें चार अक्षर हैं। 1 से 99 तक चार अक्षरों वाली अन्य संख्याओं का पता लगाइए।

बयालीस 42



| | | | |
|---|---|---|---|
| चौवालीस | 44 | | |
| | | | |
| | | | |



**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थियों को यह देखने दीजिए कि जिन संख्या-नामों में अक्षरों की संख्या समान है उनमें क्या समानता है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

## आइए करते हैं

1. 1 से लेकर 99 तक के बीच सबसे लंबे नामों वाली संख्याएँ लिखिए—

..... ..... .....

2. नीचे दी गई पहेलियों का पता लगाइए—

| पता लगाइए | पता लगाइए |
|---|---|
| 23 से 39 तक की संख्याएँ मेरी मित्र हैं। हम सब में मेरा संख्या-नाम सबसे छोटा है। मैं कौन हूँ? | मै एक अंक की संख्या हूँ और मेरे संख्या-नाम में एक ही अक्षर है। मैं 10 के अति निकट हूँ। मैं कौन हूँ? |
| ..... | ..... |

अपनी अभ्यास पुस्तिका में ऐसी ही अन्य पहेलियाँ स्वयं बनाइए और अपने सहपाठियों से पूछिए।




**वेंकटनरसिंहाराजुवारिपेटा** भारत में सबसे लंबे नाम वाला स्थान है। यह तमिलनाडु की सीमा के समीप आंध्र प्रदेश में स्थित है।










ओडिशा में **ईब** और गुजरात में **ओड** भारत में सबसे छोटे नाम वाले स्थान हैं।

3. ज्योति और जगदीश के पास चित्र-पत्रक हैं। ज्योति ने इन्हें 'जो भोजन करते हैं' और 'जो भोजन नहीं करते हैं' के दो समूहों में विभाजित किया है—



© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 1.indd 6 3/4/2025 11:10:48 AM

जगदीश ने उन्हीं पत्रकों को अन्य विधि से व्यवस्थित किया है —



**जगदीश द्वारा बनाए गए समूहों में क्या समानता है?**

4. नीचे कुछ घरेलू वस्तुओं के चित्र दिए गए हैं।




इन वस्तुओं के नाम नीचे दिए गए उपयुक्त समूह में लिखिए —

| ऐसी वस्तुएँ जिन्हें बिजली की आवश्यकता है | ऐसी वस्तुएँ जिन्हें बिजली की आवश्यकता नहीं है |
|---|---|
| | |

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 1.indd 7 3/4/2025 11:10:49 AM

अब इन वस्तुओं के किसी और तरीके से समूह बनाइए और उन्हें नीचे दिए गए स्थान में लिखिए—

## आइए करते हैं

### बाल सँवारना

माला स्कूल जा रही है।  उसकी माँ ने उसके बालों में कंघी की। 

माला की दो चोटियाँ हैं। 

अपनी कक्षा के विद्यार्थियों को ध्यान से देखिए। सभी विद्यार्थी अलग-अलग तरह से अपने बालों को संवारे हुए हैं। 

तालिका में विद्यार्थियों के बालों की सज्जा को देखिए और लिखिए—

| बालों की सज्जा |  |  |  |  |  |  |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सहपाठियों की संख्या | | | | | | |



**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थियों से और भी वस्तुएँ सुझाने और उन्हें उचित तरीके से रखने के लिए कहिए। समूहीकरण की विविध विधियों को प्रोत्साहित करने के लिए चर्चा कीजिए जिसमें वस्तु किसी समूह से संबंधित होनी चाहिए।

@KTRS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 1.indd 8 3/4/2025 11:10:50 AM

# 2 खिलौनों का आनंद




0334CH02

कुछ विद्यार्थी पुराने बक्सों, डिब्बों और कागजों पर पशु-पक्षियों के मुखचित्र (मुखौटे) बना रहे हैं।




© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

## आइए करते हैं



शिल्पकार्य को करने के लिए पुराने बक्से (घन और घनाभ) और बोतलों (बेलन) का उपयोग कीजिए। उन पर मुखचित्र बनाएँ।

आपने उनकी सतह पर क्या बनाया है?

जया अपने पास उपलब्ध आकारों के साथ एक रॉकेट बना रही है। उसने कौन-से आकारों का उपयोग किया?



प्रत्येक आकार संख्या में कितने हैं?


घन : ..... घनाभ : .....

बेलन : ..... शंकु : .....

लाल घनाभ और पीले घनाभ के बीच कौन-सा आकार है?


नारंगी बेलन के ऊपर की सतह पर कौन-सा आकार है?

गुलाबी शंकु के नीचे कौन-सा आकार है?



एक घर बनाने के लिए कुछ वस्तुओं को एकत्रित कीजिए। उन आकारों का नाम बताइए और उनकी सतहों और किनारों के बारे में बात कीजिए। कौन-सा किनारा सीधा है और कौन-सा घुमावदार है? इन आकारों को कैसे व्यवस्थित किया गया है, इसका वर्णन कीजिए? दूर से आप आकारों का कौन-सा भाग देख सकते हैं?

देविका एक दुकान पर गई और उसने एक खिलौना रेलगाड़ी खरीदी।



देविका की खिलौना रेलगाड़ी के कई भाग हैं, उन्हें गिनिए और लिखिए—


..... लाल बेलन ..... पीला शंकु

..... स्लेटी घनाभ ..... नीला घन




## आइए चर्चा करते हैं

यहाँ खिलौनों की दुकान पर कुछ और भी खिलौने हैं। ये भिन्न-भिन्न आकारों से बने हैं।








..... ..... ..... .....

..... ..... ..... .....

इन खिलौनों में कौन-से आकारों का उपयोग किया गया है?

जया ने अलग-अलग आकारों का उपयोग कर कुछ घर बनाए हैं।

अपने आस-पास उपलब्ध भिन्न-भिन्न आकारों का उपयोग कर कुछ घर, मीनार, रॉकेट आदि बनाने का प्रयास कीजिए।



ध्यान दीजिए कि घन एक विशेष प्रकार का घनाभ है।

©KTRS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 2.indd 10 3/7/2025 11:22:33 AM

## आइए खेलते हैं

### निर्माण करके वर्णन कीजिए

विद्यार्थियों को चार या पाँच के समूहों में बैठने के लिए कहिए। प्रत्येक समूह में एक विद्यार्थी किन्हीं तीन आकारों को चुनता है और उन्हें एक साथ रखता है। वह विद्यार्थी निर्माण में क्रम का वर्णन करता है और दूसरे विद्यार्थी मूल संरचना को देखे बिना वैसे ही आकार का निर्माण करते हैं। इसी प्रकार विद्यार्थियों को समूह में बारी-बारी से यह खेल खेलने दीजिए।





**उदाहरण**

घनाभ के ऊपर एक बेलन रखा है। बेलन के ऊपर एक शंकु रखा है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

## आइए करते हैं

1. क्या आप इन आकारों को कक्षा-कक्ष में ढूँढ़ सकते हैं? तालिका में उनको नामों के साथ भरिए—

|  बेलन |  गोला |  घन |  घनाभ |  शंकु |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |


(क) उस आकार का नाम बताइए जिसको अधिकतम ढूँढ़ा गया। .....


(ख) उस आकार का नाम बताइए जिसको सबसे कम ढूँढ़ा गया। .....

(ग) उन वस्तुओं के नाम बताइए जो एक से अधिक आकारों से मिलकर बनी हैं। .....




Chapter 2.indd 11 3/7/2025 11:22:34 AM




2. नीचे दिए गए आकारों को देखिए और निर्देशानुसार चिह्न लगाइए—

- जो आकार घन हैं, उन पर घेरा ◯ बनाइए।
- जो आकार शंकु हैं, उन पर ✓ का चिह्न लगाइए।
- जो आकार बेलन हैं, उन पर ✗ का चिह्न लगाइए।
- जो आकार घनाभ हैं, उन पर बॉक्स ▢ बनाइए।




3. ऐसे आकारों के नाम बताइए जिनमें—



- कोई किनारा न हो। .....
- केवल सपाट सतह हो। .....
- केवल घुमावदार सतह हो। .....
- सीधे और घुमावदार दोनों तरह के किनारे हों। .....
- सपाट और घुमावदार दोनों तरह की सतहें हों। .....




**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थियों को कक्षा-कक्ष में विभिन्न आकारों को ढूँढ़ने के लिए कहिए। उन्हें उन आकारों के और अधिक उदाहरण ढूँढ़ने के लिए कहिए। घन, घनाभ और बेलन की विपरीत सतहों के बारे में चर्चा करें। वे आकारों को विभिन्न विधियों से घुमाकर देख सकते हैं।





© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED






4. आप कौन-कौन से आकारों का निर्माण कर सकते हैं?

*देखो! मैंने मिट्टी और तीलियों से क्या बनाया है? आप भी ऐसे आकारों को बनाने का प्रयास कर सकते हैं।*

5. घनों का उपयोग कर निम्नलिखित आकारों को बनाने का प्रयास कीजिए—





## आइए खेलते हैं

यहाँ इन दोनों पृष्ठों के किनारों (बॉर्डर) के साथ एक खेल दिया गया है। पासे को उछालिए और पासे पर आई संख्या के अनुसार अपनी गोटी को अगले संबंधित चित्र तक बढ़ाइए (यदि संभव हो तो 'समाप्त' वाले वर्ग को पार किए बिना)। अपने मित्रों के साथ यह खेल खेलिए और जो पहले 'समाप्त' वाले वर्ग तक पहुँचेगा, वह खेल में विजेता होगा।


बेलन | गोला | शंकु | घन | घनाभ | यदि संभव हो तो 2 वर्ग आगे बढ़ें















@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

6. ये आकार किस प्रकार समान हैं और किस प्रकार भिन्न हैं?




7. एक पासे को देखिए। इसकी सतहों पर 1 से 6 तक बिंदु हैं। कौन-सी संख्या —



- संख्या 1 की विपरीत सतह पर है। .....
- संख्या 2 की विपरीत सतह पर है। .....
- संख्या 3 की विपरीत सतह पर है। .....
- आपको इनमें कौन-सा प्रतिरूप (पैटर्न) दिखाई दे रहा है? .....

8. यह प्रतिदर्श (मॉडल) किस क्रम में बनाया गया है?




@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 2.indd 14 3/7/2025 11:22:37 AM





9. आप तीन घनों को कितनी भिन्न-भिन्न विधियों से जोड़ सकते हैं?






@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

10. इन प्रतिदर्शों में उपयोग किए गए आकारों के नाम बताइए। इनको बनाने में आकारों को कैसे व्यवस्थित किया गया है? वर्णन कीजिए।



(क) (ख) (ग) (घ)

11. छह पासों  का उपयोग करके निम्नलिखित आकार बनाइए—

(क) घनाभ (ख) मीनार (ग) अपनी पसंद का कोई अन्य आकार



Chapter 2.indd 15 3/7/2025 11:22:38 AM

# 3 दोहरा शतक

0334CH03



## संख्याओं की कहानी

हजारों वर्ष पूर्व व्यक्तियों ने गणना प्रारंभ की। वे अपनी वस्तुओं का अभिलेखीकरण (रिकॉर्ड) करना चाहते थे। अत: उन्होंने गुफाओं की दीवारों और पेड़ों की छाल पर कुछ संकेत बनाए। समय के साथ उन्होंने 5, 10, 20 और 60 का समूह बनाकर अपनी वस्तुओं का अभिलेखीकरण किया।

हजारों वर्ष पूर्व प्राचीन भारतीयों ने केवल दस प्रतीकों — 0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8 और 9 का उपयोग करके किसी भी संख्या चाहे वह कितनी भी बड़ी हो, को लिखने की एक विधि बनाई।

यह मानव-इतिहास में सबसे सरल और रचनात्मक आविष्कारों में से एक था। इसने दूरदर्शन (टेलीविजन), संगणक (कंप्यूटर), सचल दूरभाष यंत्र (मोबाइल फोन) एवं अनेक आविष्कारों को संभव बनाया। संख्याएँ लिखने की यह विधि विश्व के सभी देशों में प्रयोग की जाती है।

इस आविष्कार का एक बहुत ही महत्वपूर्ण भाग 'कुछ नहीं' के अर्थ में '0' के प्रतीक का परिचय एवं उपयोग था। यह संख्या 0 ही है जिसने वास्तव में संख्याएँ लिखने की इस प्रणाली को कार्यान्वित किया है।

आगामी कुछ महीनों में हम सीखेंगे कि केवल इन दस प्रतीकों का उपयोग करके सभी संख्याएँ कैसे लिखी जाती हैं, चाहे वे कितनी भी बड़ी हों।

© KIBS NOT TO BE REPUBLISHED



### आइए करते हैं

1. चित्र को देखिए और निम्नलिखित वस्तुओं की संख्या का अनुमान लगाइए —



(क) संतरों की संख्या : .....

(ख) चूड़ियों की संख्या : .....

(ग) लड्डुओं की संख्या : .....


(घ) बर्फियों की संख्या : .....

(ङ) बिंदियों की संख्या : .....

(च) केलों की संख्या : .....

## आइए खेलते हैं

रिक्त स्थानों में संख्याएँ भरकर साँप-सीढ़ी का खेल खेलिए —




NOT TO BE REPUBLISHED @KTS

साँप-सीढ़ी के खेल के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए —

(क) 13 से आरंभ होने वाली सीढ़ी से आप कौन-सी संख्या पर पहुँचेंगे? .....

(ख) यदि आप 25वीं संख्या के साँप पर हैं तो आप किस संख्या पर पहुँचेंगे? .....

(ग) आप 96 पर हैं। आपके पासे पर कौन-से अंक आने पर आप साँप के मुँह वाले खाने पर जा सकते हैं? .....

(घ) सबसे लंबे साँप की पूँछ पर लिखी हुई संख्या को बंडलों और तीलियों से दिखाइए। .....



Chapter 3.indd 17 3/6/2025 4:44:07 PM

## आइए विचार करते हैं



मैं बड़बोला मटका हूँ। मुझे कोई भी संख्या बताओ और मैं आपको उससे अगली संख्या बताऊँगा!

मैंने कहा 42,
मटका बोला 43



मैंने कहा 39,
मटका बोला .....



मैंने कहा 63,
मटका बोला .....


मैंने कहा .....,
मटका बोला 90

मैंने कहा .....,
मटका बोला .....


मैंने कहा 99,
मटका बोला 100

100 क्या है?






और एक  मिलकर 100 बनते हैं।
99 से एक अधिक 100 होता है।





10 तीलियों के 10 बंडल (गठरियाँ)
मिलकर हुई 100 तीलियाँ





वाह! उसने शतक बनाया अर्थात 100 रन बनाए।

10 बिंदियों के 10 छोटे पत्ते (पैकेट),
मिलकर हुईं 100 बिंदियाँ



**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थियों को माचिस की तीलियों से संख्याओं को गठरियों (बंडलों) और तीलियों के रूप में दर्शाने के लिए प्रोत्साहित कीजिए।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED





Chapter 3.indd 18 3/6/2025 4:44:10 PM


इन मोतियों की संख्या भी 100 है।

## आइए करते हैं

1. नीचे दी गई तालिका में रिक्त स्थानों को भरिए—

| 100 बनाना है | संख्या वाक्य |
|---|---|
|  | 70 और 30 मिलकर हुए 100 |
|  | ..... और ..... मिलकर हुए 100 |
|  | ..... और ..... मिलकर हुए 100 |

2. भोलू 65 और फिर 35 पर कूदकर 100 पर पहुँचा।




नीचे दी गई संख्या-रेखा पर अलग-अलग छलाँग लगाकर 100 बनाइए—




3. विभिन्न विधियों से 100 बनाने के लिए माचिस की तीलियों और गिनलड़ी का उपयोग कीजिए और नीचे दी गई तालिका को भरिए—


| | |
|---|---|
| 60 और 40 मिलकर हुए ..... | 45 और ..... मिलकर हुए 100 |
| ..... और 25 मिलकर हुए 100 | ..... और 85 मिलकर हुए 100 |
| ..... और ..... मिलकर हुए 100 | ..... और ..... मिलकर हुए 100 |


@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 3.indd 19 3/6/2025 4:44:12 PM

4. पुष्प की पंखुड़ियों के अंदर रिक्त स्थानों में ऐसी संख्याएँ लिखिए जिनसे प्रत्येक पंखुड़ी में लिखित संख्याओं का योग 100 हो जाए।








## आइए पता लगाएँ

### 100 कितने होते हैं?

1. माचिस की एक पूरी भरी डिब्बी को खोलिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—



- डिब्बी में तीलियों की संख्या का अनुमान लगाइए। .....
- डिब्बी में तीलियों को गिनिए। .....
- आपका अनुमान कितना था? .....
- 100 तीलियों को एकत्रित करने के लिए कितनी डिब्बियाँ चाहिए? .....

2. किसी भी मोटे अनाज के बीज जैसे राजमा या चने से अपनी मुट्ठी भरिए और निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए—




- अपनी मुट्ठी में लिए हुए बीजों की संख्या का अनुमान लगाइए। .....
- अपनी मुट्ठी में लिए हुए बीजों की संख्या को गिनिए। .....
- बीजों से भरी कितनी मुट्ठियों से हमारे पास 100 बीज एकत्रित हो जाएँगे? .....


© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 3.indd 20 3/6/2025 4:44:12 PM














आइए तालिका देखें और 100 से आगे की संख्याएँ लिखना सीखें।

### 3. रिक्त स्थान भरिए—

| | | |
|---|---|---|
|  | 100 और 1 मिलकर हुए एक सौ एक | 101 |
|  | 100 और 2 मिलकर हुए एक सौ दो | 102 |
|  | 100 और 3 मिलकर हुए एक सौ ..... | 103 |
|  | 100 और 4 मिलकर हुए एक सौ ..... | 104 |
|  | 100 और 5 मिलकर हुए एक सौ पाँच | ..... |
|  | 100 और 6 मिलकर हुए एक सौ ..... | 106 |
|  | 100 और 7 मिलकर हुए एक सौ सात | ..... |
|  | 100 और 8 मिलकर हुए एक सौ ..... | 108 |
|  | 100 और 9 मिलकर हुए एक सौ ..... | ..... |
|  | 100 और 10 मिलकर हुए एक सौ दस | 110 |

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

### 4. पृष्ठ में दिए गए हरे रंग के बक्सों में संख्याएँ भरिए—

















Chapter 3.indd 21 3/6/2025 4:44:19 PM

## आइए करते हैं

आइए गठरियों और तीलियों का उपयोग करके 100 से बड़ी संख्याएँ बनाएँ।

1. नीचे दी गई तालिका में गठरियों और तीलियों की पहचान कीजिए और संख्याएँ लिखिए —

| गठरियाँ और तीलियाँ | तीलियाँ | | | संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | 100 | 10 | 1 | |
|  | 1 | 2 | 3 | 123 |
|  | ..... | ..... | ..... | ..... |
|  | ..... | ..... | ..... | ..... |
|  | ..... | ..... | ..... | ..... |
|  | ..... | ..... | ..... | ..... |
|  | ..... | ..... | ..... | 104 |
|  | ..... | ..... | ..... | ..... |
|  | ..... | ..... | ..... | 120 |


@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

इस तालिका को अपनी अभ्यास पुस्तिका में 150 तक बनाइए। क्या आपको सभी संख्याओं में कोई समानता दिखाई देती है?



Chapter 3.indd 22 3/6/2025 4:44:25 PM

2. निम्नलिखित संख्याओं का सही गठरियों और तीलियों के साथ मिलान कीजिए—




अरे! ये बड़बोला मटका फिर से आ गया। आप जो भी बोलोगे, यह उससे एक अधिक बोलेगा।



| भोलू ने कहा | मटका बोला | भोलू ने कहा | मटका बोला |
|---|---|---|---|
| 127 | 128 | 105 | ..... |
| 109 | ..... | ..... | 150 |
| 134 | ..... | 100 | ..... |

3. नीचे दी गई संख्या-रेखा पर रिक्त स्थान भरिए—




4. नीचे दी गई संख्या-रेखा को देखिए और—

- इस संख्या-रेखा में 125 पर तीर ⇩ का संकेत बनाइए।
- इस संख्या-रेखा में 112 पर पेड़ का संकेत बनाइए।
- इस संख्या-रेखा में 149 पर पुष्प का संकेत बनाइए।
- इस संख्या-रेखा में 137 पर सेब का संकेत बनाइए।




© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 3.indd 23 3/6/2025 4:44:28 PM

## आइए खेलते हैं

# ताली, चुटकी और थपकी का खेल

*जितनी ताली उतने सौ, जितनी चुटकी उतने दस*
*और जितनी थपकी उतने एक*
*आई बात समझ में। ध्यान से सुनने का है यह खेल!*




इस खेल को दो समूह बनाकर खेलते हैं। एक समूह ताली, चुटकी और थपकी का उपयोग करके एक संख्या को दिखाएगा और दूसरा समूह उसका अनुमान लगाएगा।

**उदाहरण** – 1 ताली, 2 चुटकी और 3 थपकी का अर्थ है — 123 (एक सौ तेईस)

आइए अब 150 से आगे गिनती करते हैं —

| चित्ररूप | तीलियाँ | | | संख्या | संख्या नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| | 100 | 10 | 1 | | |
|  | 1 | 5 | 0 | 150 | एक सौ पचास |
|  | 1 | 5 | 1 | 100 और 51 | एक सौ इक्यावन |
|  | ..... | ..... | ..... | 100 और 52 | एक सौ बावन |
|  | 1 | ..... | 3 | 100 और ..... | एक सौ तिरपन |
|  | 1 | 5 | ..... | 100 और ..... | एक सौ चौवन |
|  | 1 | 5 | ..... | 100 और 55 | एक सौ पचपन |
|  | 1 | ..... | 6 | ..... और 56 | एक सौ छप्पन |
|  | ..... | 5 | 7 | 100 और ..... | एक सौ सत्तावन |
|  | ..... | ..... | ..... | ..... और ..... | एक सौ अट्ठावन |
|  | ..... | ..... | ..... | ..... और ..... | एक सौ उनसठ |

इस तालिका को अपनी अभ्यास पुस्तिका में 200 तक बनाइए।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 3.indd 24 3/7/2025 4:31:44 PM

199 189



## घर पर कीजिए

182

किसी भी मोटे बीज जैसे राजमा, लोबिया, चने आदि को छोटे बर्तनों, जैसे — करछुल, बड़े चम्मच या कटोरी में भरिए और निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए —



- बर्तन को ध्यान से देखिए और अनुमान लगाइए कि कितने बीज बर्तन में हैं?
- अब गिनकर देखिए कि आपका अनुमान गणना के कितने पास है। गिनने में ..... बीज हैं।
- अनुमान लगाइए कि लगभग 200 बीज प्राप्त करने के लिए आपको उसी पात्र की कितनी बार आवश्यकता होगी? .....।




177




*अरे! मैं तो संख्या-रेखा पर 200 भी दिखा सकता हूँ।*

*150 + 50 = 200*

*140 + 60 = 200*




© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED



167

पत्थरों में क्रम से संख्याएँ लिखिए —

150 158 163



Chapter 3.indd 25 3/6/2025 4:44:37 PM



## आइए करते हैं

### कूदने का खेल



1. संख्या-रेखा पर 5 की छलांग बनाइए और संख्याओं को संख्या-रेखा पर दिए गए स्थानों में लिखिए —




2. संख्या-रेखा पर 20 की कूद बनाइए और संख्याओं को संख्या-रेखा पर दिए गए स्थानों में लिखिए —




@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

3. तालिका में दी गई संख्याओं में 1 कम और 1 अधिक करके रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए —

| 1 कम | संख्या | 1 अधिक |
|---|---|---|
| ..... | 160 | ..... |
| ..... | 129 | ..... |
| ..... | 187 | ..... |
| ..... | 134 | ..... |
| ..... | 158 | ..... |



Chapter 3.indd 26 3/6/2025 4:44:38 PM


4. निम्नलिखित संख्याएँ बनाने के अलग-अलग विधियाँ दिखाइए —

(क) 125 बनाने के लिए तीलियों का उपयोग करिए।

(ख) गिनलड़ी की सहायता से 145 बनाइए।

(ग) संख्या-रेखा पर 170 बनाइए।

5. रिक्त स्थानों को उचित रूप से भरिए —

| संख्या | चित्ररूप | तीलियाँ | | | शब्दों में ऐसे बोलेंगे |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 100 | 10 | 1 | |
| 114 |  | | | | 1 सौ, 1 दस और 4 अर्थात एक सौ चौदह। 100 से 14 अधिक |
| | | | | | 100 से 32 अधिक |
| |  | | | | |
| 172 | | | | | |
| 108 | | | | | |
| | | | | | 150 से 30 अधिक |
| | | 1 | 6 | 0 | |




@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED




Chapter 3.indd 27 3/6/2025 4:44:39 PM

6. निम्नलिखित संख्याओं को संख्या-रेखा पर दर्शाइए —

(क) 109, 112, 124, 134, 146




(ख) 155, 163, 178, 189, 198




(ग) 125, 142, 153, 174, 199




@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 3.indd 28 3/6/2025 4:44:39 PM

# 4 नानी माँ के साथ छुट्टियाँ

0334CH04





चिराग और नंदिनी अपनी नानी माँ से बहुत प्यार करते हैं। वे उनकी सबसे अच्छी मित्र हैं। दोनों उनके साथ खेलना और सीखना बहुत पसंद करते हैं। उनसे कहानियाँ सुनना उनकी पसंदीदा गतिविधि है।



नानी माँ उन्हें एक 'जादुई खेल' दिखाती हैं।

आप अपने रुमाल से कुछ कंचों को छिपा लो और मैं आपको बता दूँगी कि आपने कितने कंचे छुपाए हैं।








**क्या आप बता सकते हैं कि इसमें क्या जादू है?**



## आइए करते हैं

अपने मित्रों को यह जादू दिखाइए और नीचे दी गई तालिका में छिपे हुए बीजों की संख्या को लिखिए—

| कुल बीज | मेज पर बीज | छिपे हुए बीज |
|---|---|---|
| 15 | 12 | |
| 17 | 10 | |
| 19 | 8 | |

| कुल बीज | मेज पर बीज | छिपे हुए बीज |
|---|---|---|
| 20 | 9 | |
| 23 | 7 | |
| 27 | 12 | |



**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – 1 से 9 के बीच की एक संख्या बोलिए। विद्यार्थियों को शीघ्रता से वह संख्या बताने के लिए कहिए जिसको मिलाकर यह 9 बन जाए। इस गतिविधि को दूसरी संख्या 10 और 20 के साथ भी दोहराएँ।

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

दोनों अपनी नानी माँ के लिए बहुत-सी वस्तुएँ लेकर आते हैं।






नंदिनी नानी माँ की प्रिय मिठाई 'बालूशाही' लाती है।





नंदिनी के डिब्बे में 7 बालूशाही हैं 

और

चिराग के डिब्बे में 5 बालूशाही हैं 






बालूशाही को बिंदुओं द्वारा प्रदर्शित करके जोड़िए



7 बालूशाही + 5 बालूशाही = ..... बालूशाही








उसने कितनी खाईं? ..... बालूशाही

7 बालूशाही – 5 बालूशाही = ..... बालूशाही


@KVBS NOT TO BE REPUBLISHED




Chapter 4.indd 30 3/6/2025 4:53:34 PM

चिराग नानी माँ के लिए 9 कहानियों की पुस्तकें लेकर आया और नंदिनी नानी माँ के लिए 7 पहेली की पुस्तकें लाई। बच्चे नानी माँ के लिए कुल कितनी पुस्तकें लेकर आए?





..... पुस्तकें + ..... पुस्तकें = ..... पुस्तकें



## आइए करते हैं

निम्नलिखित को हल करने के लिए 10 के (फ्रेम) का उपयोग कीजिए —


(i) 6 + 8 = .....

(ii) 5 + 10 = .....

(iii) 9 – 6 = .....

(iv) 18 – 9 = .....





© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED




## आइए खेलते हैं



### पत्तों का खेल

1 से 10 तक की संख्या वाले पत्तों के चार समूह बनाइए। सभी पत्रों को अच्छी तरह फेंटिए और उन्हें उल्टा रखकर फैला दीजिए। अपने मित्रों के साथ बारी-बारी से एक समय में एक पत्ते को खोलिए। जब आप पत्ता खोलते हैं तो अपने और पहले से खुले हुए पत्तों को देखिए। यदि कोई तीन पत्ते योग अथवा घटाव का कथन बनाते हैं तो आप तीनों पत्ते अपने पास रख सकते हैं अन्यथा आप पत्ते को खुला सीधा छोड़ दें। उदाहरण के लिए– नंदिनी द्वारा खोला गया पत्ता 4 है तथा संख्या 2 और 6 वाले पत्ते पहले से खुले हुए हैं। इसलिए नंदिनी तीनों संख्याओं 2, 4 और 6 वाले पत्तों को अपने पास रख सकती है, क्योंकि 2 + 4 = 6 है अथवा 6 - 4 = 2, यह खेल तब तक चलता रहेगा जब तक कि सभी पत्ते खोल नहीं दिए जाते। जिसके पास पत्तों की संख्या सबसे अधिक होगी वह खेल में विजेता होगा।







Chapter 4.indd 31 3/6/2025 4:53:35 PM



नंदिनी और चिराग अपने मित्रों और नानी माँ को दिखाने के लिए अपनी डाक टिकट लेकर आए हैं।


*देखो नानी माँ! हमने 15 डाक टिकट एकत्रित की हैं।*

*ये लो! मैं आपको 7 टिकट और देती हूँ।*



अब उनके पास कितनी डाक टिकट हैं?

नंदिनी, चिराग और नानी माँ ने अपनी गिनलड़ी का उपयोग करके तीन अलग-अलग विधियों से उत्तर प्राप्त किया —




15 डाक टिकट + 7 डाक टिकट = 22 डाक टिकट

और 15 + 7 = 22

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

## आइए करते हैं

नंदिनी और चिराग के पास 22 डाक टिकट हैं। नानी माँ के भाई ने भी अपने पास एकत्रित 30 डाक टिकट उन्हें दी। अब उनके पास कुल कितने डाक टिकट हैं?

22 डाक टिकट + ____ डाक टिकट = ____ डाक टिकट

और 22 + ____ = ____



Chapter 4.indd 32 3/6/2025 4:53:37 PM















अब उनके पास 52 डाक टिकट हैं। नंदिनी और चिराग ने गिनती की और पाया कि उनके पास 37 टिकट प्रसिद्ध व्यक्तियों के चेहरों वाली हैं और बाकी टिकट में स्मारकों के चित्र हैं।

उनके पास स्मारकों के चित्र वाली कितनी डाक टिकट हैं?

*मैं इसे इस तरह से कर सकती हूँ।*






उनके पास स्मारकों के चित्र वाली 15 डाक टिकट हैं। क्या आप इसे अन्य विधियों से पता कर सकते हैं?

52 डाक टिकट – 37 डाक टिकट = ◯ डाक टिकट

◯ – ◯ = ◯

और

37 डाक टिकट + ◯ डाक टिकट = 52 डाक टिकट

◯ + ◯ = ◯

*नानी माँ! अब हमारे पास 52 टिकट हैं।*



*अगली बार जब हम आएँगे तो हमारे पास 75 डाक टिकट होंगी।*

उन्हें और कितने टिकट की आवश्यकता होगी? गिनलड़ी का उपयोग करके इसका पता लगाइए—

◯ डाक टिकट + ◯ डाक टिकट = ◯ डाक टिकट

और ◯ + ◯ = ◯



**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – प्रश्नों को हल करने के लिए संख्या-रेखा पर कूदने के विभिन्न विधियों को संपूर्ण अध्याय में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 4.indd 33 3/6/2025 4:53:39 PM

## आइए करते हैं

1. गिनलड़ी का उपयोग करके हल कीजिए—

   (क) 34 + 6 (ख) 23 + 12 (ग) 33 – 5 (घ) 42 – 15

2. एक मेंढक गिनलड़ी पर कूद रहा है। वह 7वें मनके पर है। वह एक बार में 10 मनके कूदना चाहता है। उन मनकों को चिह्नित कीजिए जिन पर वह कूदेगा और संगत संख्याएँ लिखिए—

7

3. मेंढक फिर से 10 मनके आगे की ओर कूदता है। उन सभी स्थानों को चिह्नित कीजिए जहाँ मेंढक कूदेगा और संगत संख्याएँ लिखिए—

23

4. टिड्डा प्रत्येक बार 10 मनके पीछे की ओर कूदता है। उन सभी मनकों को चिह्नित कीजिए जिन पर टिड्डा कूदेगा और संगत संख्याएँ लिखिए—

76

कुछ चींटियाँ बड़ी-बड़ी पत्तियाँ अपने घर ले जा रही हैं। इन पत्तियों को वो बरसात के मौसम में खाएँगी। नानी माँ पत्तों के नीचे देखे बिना बता सकती हैं कि कितनी चींटियाँ हैं।

5. क्या आप भी यह बता सकते हैं कि पत्तों के नीचे कितनी चींटियाँ हैं? पृष्ठ के किनारों पर दिए गए बक्सों में संख्याएँ लिखिए—


NOT TO BE REPUBLISHED © KTRS




Chapter 4.indd 34 3/6/2025 4:53:41 PM

6. निर्देशानुसार कूदकर तालिकाओं को भरिए—


**5 की कूद**




**6 की कूद**




**9 की कूद**






## आइए खेलते हैं

### संख्या ग्रिड के साथ जोड़ना और घटाना

आइए, एक ग्रिड का खेल खेलें! प्रत्येक खिलाड़ी दो अंकों की संख्या बनाने के लिए बारी-बारी से दो पासों को फेंकता है और उनके द्वारा बनाई गई संख्या के अनुसार गोटी को बढ़ाता है। वे आगे या पीछे जाने का विकल्प चुन सकते हैं। संख्या 91 और 100 के बीच जो सबसे पहले पहुँचता है, विजेता होगा।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 91 | 92 | 93 | 94 | 95 | 96 | 97 | 98 | 99 | 100 |
| 81 | 82 | 83 | 84 | 85 | 86 | 87 | 88 | 89 | 90 |
| 71 | 72 | 73 | 74 | 75 | 76 | 77 | 78 | 79 | 80 |
| 61 | 62 | 63 | 64 | 65 | 66 | 67 | 68 | 69 | 70 |
| 51 | 52 | 53 | 54 | 55 | 56 | 57 | 58 | 59 | 60 |
| 41 | 42 | 43 | 44 | 45 | 46 | 47 | 48 | 49 | 50 |
| 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 | 37 | 38 | 39 | 40 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थियों को खेल-खेल में ग्रिड पर दो संख्याओं को जोड़ने के लिए प्रोत्साहित कीजिए। यदि आप आगे नहीं जा सकते तो पीछे जाएँ। यदि संभव नहीं हो तो दोबारा पासे को फेंकिए।



Chapter 4.indd 35 3/6/2025 4:53:41 PM





नंदिनी 23 पर है। वह पासे फेंकने पर संख्या 11 प्राप्त करती है। वह 34 पर पहुँचने की दो विधियाँ सोचती है।

चिराग 19 पर है। वह पासे पर संख्या 54 प्राप्त करता है।



23 से 34 तक की कूद ..... कदम है।




गोटी को सही संख्या पर ले जाने के लिए चिराग की सहायता कीजिए।

1. निम्नलिखित के उत्तर देने के लिए संख्या ग्रिड का उपयोग कीजिए। ग्रिड में तीर के चिह्न द्वारा अपनी सोच को दर्शाइए —

(क) नंदिनी 45 पर है। वह पासे पर संख्या 34 प्राप्त करती है। अब वह संख्या ..... पर होगी।

(ख) चिराग 75 पर है। वह पासे पर संख्या 56 प्राप्त करता है। अब वह संख्या ..... पर होगा।

(ग) नंदिनी 30 पर है। वह पासे पर संख्या 66 प्राप्त करती है। अब वह संख्या ..... पर है।

(घ) चिराग 89 पर है। वह पासे पर संख्या 63 प्राप्त करता है। अब वह संख्या ..... पर है।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 91 | 92 | 93 | 94 | 95 | 96 | 97 | 98 | 99 | 100 |
| 81 | 82 | 83 | 84 | 85 | 86 | 87 | 88 | 89 | 90 |
| 71 | 72 | 73 | 74 | 75 | 76 | 77 | 78 | 79 | 80 |
| 61 | 62 | 63 | 64 | 65 | 66 | 67 | 68 | 69 | 70 |
| 51 | 52 | 53 | 54 | 55 | 56 | 57 | 58 | 59 | 60 |
| 41 | 42 | 43 | 44 | 45 | 46 | 47 | 48 | 49 | 50 |
| 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 | 37 | 38 | 39 | 40 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थियों को जोड़ (अधिक, में जोड़ा, कुल, योग) और घटाव (हटाना, निकाल देना, अंतर, कम करना, हटा देना) व्यक्त करने के लिए अलग-अलग शब्दों से परिचित कराया जाए। विद्यार्थियों को दूसरी संख्याओं के साथ ऐसी कूद लगाने के अवसर प्रदान करें और संख्याओं के प्रतिरूप (पैटर्न) पर ध्यान देने में उनकी सहायता कीजिए।



Chapter 4.indd 36 3/6/2025 4:53:42 PM

# जादुई जोड़

नंदिनी और चिराग को कुछ पहेलियाँ मिलती हैं जिनको नानी माँ ने हल किया था। संख्याओं को ध्यान से देखिए। आपने क्या देखा?

नीचे दिए गए बक्सों को भरिए। प्रत्येक पहेली में 1 से 9 तक की सभी संख्याएँ हैं। प्रत्येक पंक्ति की संख्याओं का योग बक्सों के दाईं ओर लिखी संख्या है। प्रत्येक स्तंभ की संख्याओं का जोड़ बक्सों के नीचे लिखी संख्या है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 8 | 15 |
| 3 | 1 | 6 | 10 |
| 9 | 4 | 7 | 20 |
| 17 | 7 | 21 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 5 | 8 | 16 |
| | | | 22 |
| 1 | | 4 | 7 |
| 11 | 16 | 18 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 3 | | 12 |
| | 5 | | 15 |
| | 7 | 4 | 18 |
| 7 | 15 | 23 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 6 | 10 |
| | | | 19 |
| | | 9 | 16 |
| 10 | 12 | 23 | |



प्रत्येक पहेली में नीले बक्सों की संख्याओं को जोड़िए और फिर लाल बक्सों की संख्याओं को जोड़िए। आप क्या प्राप्त करते हैं?

नानी माँ समाचार-पत्र में कुछ कर रही हैं। नंदिनी और चिराग ने देखा कि वे क्या कर रही थीं।

*नानी माँ! इस वर्ग के बारे में ऐसा क्या जादुई है?*

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 |
| 9 | 5 | 1 |
| 4 | 3 | 8 |



## जादू जादू जादू!!!

1 से 9 तक संख्याओं के साथ
संख्याओं को एक पंक्ति में बाएँ से दाएँ जोड़िए
ऊपर से नीचे जोड़िए
क्या आपको जादू दिखाई दिया?
अब दाएँ से बाएँ और नीचे से ऊपर की ओर जोड़ने का प्रयास कीजिए
क्या यह जादू नहीं है?
अब कुछ और भी है,
कुछ और संख्याओं को विकर्ण में जोड़ें
क्या यह जादू नहीं है?

## जादुई वर्ग को पूरा करने के लिए रिक्त स्थानों को भरिए

| | | |
|---|---|---|
| | 3 | |
| | | 9 |
| 6 | | |



**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – शिक्षक इसी प्रकार के अन्य प्रश्न बना सकते हैं और विद्यार्थियों को वर्ग पहेलियाँ हल करने की चुनौती दे सकते हैं।


© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 4.indd 37 3/6/2025 4:53:43 PM

नंदिनी और चिराग अपनी नानी माँ के खेत में गए। नानी माँ के दो खेत हैं।





नानी माँ ने 25 लाल मूलियाँ और 36 सफेद मूलियाँ उखाड़ी। उन्होंने कुल कितनी मूलियाँ उखाड़ी?

नंदिनी भूमि पर आरेख बनाकर समस्या हल करना प्रारंभ करती है —

25 लाल मूलियाँ

36 सफेद मूलियाँ

*मूलियों की कुल संख्या का आकलन कीजिए।*

.....




मूलियों की कुल संख्या प्राप्त करने के लिए हमें 25 और 36 को जोड़ने की आवश्यकता है।




*मैं बंडलों और तीलियों का उपयोग करके जोड़ूँगा।*

**25 लाल मूलियाँ**



**36 सफेद मूलियाँ**




25 लाल मूलियाँ + 36 सफेद मूलियाँ = ◯ मूलियाँ

25 + 36 = ◯

*देखो! मैं इसे संख्या-रेखा पर कैसे हल करती हूँ।*






इस प्रश्न को संख्या-रेखा पर हल करने की अन्य विधियों को खोजिए —





NOT TO BE REPUBLISHED © NCERT




Chapter 4.indd 38 3/6/2025 4:53:45 PM

नानी माँ एक बक्से में टमाटर और गाजर रखती हैं और इस पर 100 लिख देती हैं।





नंदिनी दिए गए प्रश्न को इस प्रकार दर्शाती है —




आपके आकलन के अनुसार गाजरों की संख्या .....

गाजरों की सही संख्या दर्शाने वाले गठरियों और तीलियों पर घेरा लगाइए —



ऊपर दिए गए प्रश्न को संख्या-रेखा पर हल कीजिए —




..... टमाटर और ..... गाजर = कुल ..... सब्जियाँ

..... + ..... = 100

100 सब्जियों के डिब्बे से ..... टमाटर निकाले जाने के बाद

..... गाजर बचीं।

100 – ..... = .....



**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थियों को अपने आकलनों और उत्तरों के पीछे की अपनी सोच साझा करने के लिए प्रोत्साहित कीजिए।


© KTRS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 4.indd 39 3/6/2025 4:53:47 PM

नानी माँ नंदिनी और चिराग को पके हुए सेब तोड़ने के लिए कहती हैं।

वाह! बहुत सारे सेब हैं।





आइए देखें कि हमने कुल कितने सेब एकत्रित किए।


इस प्रश्न के लिए नीचे एक बॉक्स आरेख बनाइए —

*80 और 20 मिलाकर 100 होते हैं इसलिए ये सभी 100 से अधिक होंगे।*


@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED





**85 सेब (बंडलों व तीलियों में)**



**67 सेब (बंडलों व तीलियों में)**







नंदिनी और चिराग के पास कुल कितने सेब हैं?



Chapter 4.indd 40 3/6/2025 4:53:50 PM

नीचे दी गई संख्या-रेखा पर उत्तर प्राप्त करने का प्रयास कीजिए।






85 सेब + 67 सेब = ◯ सेब

85 + 67 = ◯


नंदिनी और चिराग में से किसने अधिक सेब एकत्रित किए और कितने अधिक?

चिराग इस प्रश्न के लिए एक बॉक्स आरेख बनाता है।




नंदिनी के सेब



चिराग के सेब




..... ने ..... से ..... सेब अधिक एकत्रित किए।



**शिक्षक के लिए टिप्पणी**– दैनिक जीवन से संबंधित ऐसे और भी अन्य शाब्दिक प्रश्न बनाएँ। विद्यार्थियों को आरेख बनाने तथा हल करने के लिए स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों का उपयोग करने की अनुमति दें।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 4.indd 41 3/6/2025 4:53:52 PM

पहले बॉक्स आरेख बनाकर निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिए। उत्तर प्राप्त करने के लिए तीलियों के बंडल अथवा संख्या-रेखा का उपयोग कीजिए।

1. बबली दीदी ने सोमवार को 34 पुस्तकें और मंगलवार को 45 पुस्तकें बेंची। उन्होंने इन दो दिनों में कुल कितनी पुस्तकें बेचीं? उन्होंने मंगलवार को सोमवार की तुलना में कितनी अधिक पुस्तकें बेची?
2. विद्यालय के क्रिकेट मैच में लाल दल ने अंतराल से पहले 56 रन और अंतराल के बाद 65 रन बनाए। कुल कितने रन बनाए?
3. रमा विद्यालय के भोजनालय में वड़े बेचती है। उसने पहले दिन 39 वड़े बेचे। दूसरे दिन 12 वड़े और बेचे। इन दो दिनों में उसने कुल कितने वड़े बेचे?
4. मेघा अपने उद्यान में लगाने के लिए 56 पौधे लाती है। उनमें से कुछ पौधे सूख गए। अब उसके पास 29 पौधे बचे हैं। बताइए कितने पौधे सूख गए?
5. दो संख्याओं को चुनिए। उन दो संख्याओं का उपयोग करके एक शाब्दिक प्रश्न बनाइए। अब इसे अपने सहपाठियों के साथ साझा कीजिए।

.....

.....

@KTDS NOT TO BE REPUBLISHED



## आइए खेलते हैं

यह खेल दो विद्यार्थियों के बीच खेला जाएगा। पहले खिलाड़ी को 1 से 10 के बीच की एक संख्या बोलनी है। दूसरा खिलाड़ी पहले खिलाड़ी की संख्या में 1 से 10 के बीच की एक संख्या जोड़ता है। पहला खिलाड़ी दोबारा से पिछले प्राप्त योग में 1 से 10 के बीच की एक संख्या जोड़ता है। सबसे पहले 100 तक पहुँचने वाला खिलाड़ी विजेता होता है।

यहाँ एक उदाहरण दिया गया है। इस उदाहरण में खिलाड़ी 1 विजेता है।

इस खेल को अपने मित्रों के साथ खेलिए।

| खिलाड़ी 1 | खिलाड़ी 2 | कुल |
|---|---|---|
| 9 | | 9 |
| | 10 | 19 |
| 8 | | 27 |
| | 9 | 36 |
| 10 | | 46 |
| | 8 | 54 |
| 10 | | 64 |
| | 10 | 74 |
| 9 | | 83 |
| | 7 | 90 |
| 10 | | 100 |



Chapter 4.indd 42 3/6/2025 4:53:52 PM

## आइए करते हैं

1. उत्तर का आकलन कीजिए और बताइए कि वह 100 से कम होगा अथवा अधिक। सही उत्तर के साथ मिलान कीजिए —



*150 – 50 है 100, अत:*
*150 – 49 होगा 100 से अधिक।*

134 – 56 = .....
20 + 41 = .....
150 – 49 = .....
199 – 90 = .....
70 + 30 + 1 = .....
156 – 65 = .....

100 से अधिक

100 से कम

68 – 26 = .....
95 + 10 + 5 = .....
109 – 80 = .....
63 + 26 = .....
124 + 23 + 20 = .....

2. ऊपर दिए गए प्रश्नों को संख्या-रेखा का उपयोग करके हल कीजिए। प्रश्नों के सामने उनके उत्तर लिखिए।












**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – कृपया ध्यान दीजिए कि संख्या-रेखा किसी भी संख्या से प्रारंभ हो सकती है। आवश्यकता के अनुसार दो संख्याओं के बीच की दूरी को बदला जा सकता है। विद्यार्थी दो संख्याओं के बीच समान दूरी बनाए बिना भी खुली संख्या-रेखाओं के साथ कार्य कर सकते हैं। उनसे कहा जाना चाहिए कि वे जो कूद लगा रहे हैं, उसे संख्या-रेखा पर लिखें।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 4.indd 43 3/6/2025 4:53:52 PM

# 5 आकृतियों के साथ आनंद







@KTS NOT TO BE REPUBLISHED

## आइए करते हैं


1. नीचे दिए गए बिंदुओं पर माँ वाली रंगोली बनाइए—





2. माँ वाली रंगोली में बनाए गए आकारों के नाम लिखिए —

..... , ..... , .....



3. कितने आकार बने हैं —


(क) घुमावदार रेखाओं से .....

(ख) सीधी रेखाओं से .....

4. आकारों के टुकड़ों (कट-आउट्स) का उपयोग करके एक रंगोली बनाइए।
इन आकारों की बाहरी रूपरेखा बनाइए और उनमें रंग भरिए —

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

5. निम्नलिखित वस्तुओं को आकारों के टुकड़ों (कट-आउट्स) की सहायता से बनाने का प्रयास कीजिए* —







*प्रारंभिक गणित किट (रा.शै.अ.प्र.प.) का उपयोग किया जा सकता है।




**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थियों को रचनात्मकता के साथ आकारों के कट-आउट्स का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। विद्यार्थियों को दो रंगोलियों की तुलना और उनकी समानता और भिन्नता पर चर्चा करने का अवसर दें।



Chapter 5.indd 45 3/7/2025 11:29:48 AM


## आइए करते हैं




1. गत्ते के कुछ डिब्बे एकत्रित कीजिए और उन्हें सावधानीपूर्वक ऊपर की ओर खोलिए। खुले हुए डिब्बों में आपको कैसे आकार दिखाई दे रहे हैं?




2. एक वर्गाकार कागज का टुकड़ा लीजिए और चित्र में दिखाए अनुसार इसे मोड़कर एक लिफाफा बनाइए।






**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थियों को डिब्बे खोलकर उनके फलकों (मुखपट्टों) की संख्या और उनके आकारों को देखने के लिए प्रोत्साहित कीजिए। विद्यार्थियों को कागज की सहायता से बेलन और शंकु बनाने तथा पुस्तक में दिए गए नेट की सहायता से घन और घनाभ बनाने हेतु कहें।

NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 5.indd 46 3/7/2025 11:29:49 AM

# बिस्कुट बनाना




© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

दोनों विद्यार्थियों को अलग-अलग आकार क्यों मिले? चर्चा कीजिए।

किन्हीं तीन वस्तुओं के नाम बताइए जिनके आयताकार फलक हों।



Chapter 5.indd 47 3/7/2025 11:29:50 AM

## आइए करते हैं

1. एक घनाभाकार वस्तु के सभी फलकों की बाहरी रूपरेखा खींचिए।

   उदाहरण के लिए शार्पनर या रबड़ —

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

(क) आपको कितने अलग-अलग फलक प्राप्त हुए? .....

(ख) इन फलकों के आकार कैसे हैं? .....

(ग) क्या आपको एक वर्ग प्राप्त हुआ? .....

(घ) क्या आप एक घनाभ को रेखांकित कर छह अलग-अलग आयत प्राप्त कर सकते हैं? .....


(ङ) क्या एक घनाभ का फलक एक त्रिभुज जैसा हो सकता है? .....

(च) एक घनाभ के फलक ..... अथवा ..... आकार के होते हैं।



Chapter 5.indd 48 3/7/2025 11:29:50 AM

2. नीचे दी गई भुजाओं का उपयोग करके आयत बनाइए—






@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

3. इस छोटे आयत के चारों ओर इससे बड़े 3 आयत बनाइए—








**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थियों को चार तीलियों की सहायता से एक आयत बनाने के लिए कहिए। ध्यान दें कि उनमें आयत बनाने का बोध सहज ही विकसित हो रहा है। उनको अवलोकन करने का अवसर दें, ताकि वे ग्रिड पर भिन्न-भिन्न प्रकार से तथा अलग-अलग आकार के आयतों की बाहरी रूपरेखा खींच सकें।




Chapter 5.indd 49 3/7/2025 11:29:50 AM

4. नीचे बने चित्र में आयतों की संख्या गिनिए और लिखिए—



.....

5. नीचे दिए गए विभिन्न आयतों को देखिए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए—



© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

(क) एक आयत में कितनी भुजाएँ होती हैं? .....

(ख) एक आयत में कितने कोने होते हैं? .....

(ग) क्या आयत में ऐसी कितनी भुजाएँ होती हैं जिनकी लंबाई एक दूसरे के बराबर हो? .....

(घ) आप एक आयत में क्या देखते हैं? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

.....

.....



Chapter 5.indd 50 3/7/2025 11:29:50 AM


# क्या दोनों एक जैसे हैं?




NOT TO BE REPUBLISHED @KTDS

1. आयत और वर्ग दोनों की ..... भुजाएँ होती हैं।
2. आयत और वर्ग दोनों में ..... कोने होते हैं।

इस चित्र में आपको कितने वर्ग दिखाई दे रहे हैं?





**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थियों को 4 तीलियों से एक वर्ग बनाने के लिए कहिए। देखें कि क्या उनमें वर्ग और वर्गकोण बनाने की समझ विकसित हो गई है।




Chapter 5.indd 51 3/7/2025 11:29:50 AM




## आइए करते हैं

1. यहाँ एक वर्ग है। इस वर्ग के चारों ओर 2 बड़े वर्ग बनाइए—



2. तीलियों की सहायता से एक वर्ग बनाइए। अब इसकी सभी भुजाओं पर वर्ग बनाइए। आपको कुल कितने वर्ग प्राप्त हुए?

3. नीचे दी गई भुजाओं का उपयोग करके वर्गों को पूरा कीजिए—



© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 5.indd 52 3/7/2025 11:29:51 AM

4. इस गतिविधि को करने के लिए पुस्तक में दिए गए वर्गाकार टुकड़ों का उपयोग कीजिए।

आप इनको जोड़कर कितने अलग-अलग आकार बना सकते हैं—

(क) 2 वर्ग

(ख) 3 वर्ग


(ग) 4 वर्ग

इन्हें बिंदुजाल में जोड़कर दिखाइए। पुस्तक के अंत में कुछ बिंदुजाल दिए गए हैं।




## आइए पता लगाएँ

1. आयत के आकारों पर ✓ का चिह्न लगाइए—



कौन-से आकार आयत नहीं हैं? बताइए क्यों?

2. क्या आप एक वर्गाकार पृष्ठ के सभी कोनों को इस प्रकार मोड़ सकते हैं कि मोड़ने के बाद भी उसके कोनों की संख्या समान रहे?



3. गत्ते की शीट पर एक वर्ग बनाइए। चित्र के अनुसार 4 त्रिभुज बनाइए। इन त्रिभुजों को काटकर अलग-अलग कर लीजिए। तीन त्रिभुजों को एक साथ जोड़कर अधिक से अधिक आकार बनाइए। आप कितनी आकार बना सकते हैं?

अब चार त्रिभुजों को एक साथ लेकर प्रयास अन्य भिन्न-भिन्न आकृतियाँ बनाने का प्रयास कीजिए।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 5.indd 53 3/7/2025 11:29:51 AM

# वर्ग-कोने




क्या एक वर्ग के सभी कोने एक समान होते हैं? .....

आपको कैसे पता लगा?

कुछ वर्गों को एक दूसरे के ऊपर रखिए और देखिए।

क्या एक आयत के सभी कोने एक समान होते हैं? .....

आपको कैसे पता लगा?

कुछ आयतों को एक दूसरे के ऊपर रखिए और देखिए।

क्या वर्ग और आयत के कोने समान हैं? .....

अपनी कक्षा में कुछ वस्तुओं के नाम बताइए जिनके केवल वर्ग-कोने हैं।




NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS





Chapter 5.indd 54 3/7/2025 11:29:51 AM





## आइए करते हैं

आप विभिन्न प्रकार के कोने दिखाने के लिए कागज की दो पट्टियों को जोड़ सकते हैं।


वर्ग-कोने से कम



वर्ग-कोना


वर्ग-कोने से अधिक


एक वर्ग-कोना, एक वर्ग-कोने से अधिक और एक-वर्ग कोने से कम को दिखाने के लिए कागज की दो पट्टियों यों का उपयोग कीजिए।

क्या आप कागज की पट्टियों का उपयोग कर यह पता लगा सकते हैं कि मेज और बोर्ड के कोने वर्ग-कोने हैं?

1. इनमें से वर्ग-कोनों वाली आकृतियों को चिह्नित कीजिए —



2. इन बिंदुओं को मिलाकर कुछ वर्ग बनाइए।



आपने कितने अलग-अलग वर्ग बनाए?



**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थियों को केवल वर्ग-कोने वाले आकारों को वर्ग-कोने से कम वाले आकारों को और वर्ग-कोने से अधिक वाले आकारों को वर्गीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करें। कुछ आकारों में एक से अधिक प्रकार के कोने होंगे। उन्हें तीलियों का उपयोग करके ऐसे आकार बनाने हेतु कहें।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED




Chapter 5.indd 55 3/7/2025 12:39:19 PM


3. नीचे दिए गए चित्र को देखिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए —

(क) कोनों की संख्या गिनिए और लिखिए।

(ख) वर्ग कोनों पर घेरा बनाइए।




4. माचिस की दो-दो तीलियों का उपयोग करके दो वर्ग-कोने और फिर चार-वर्ग कोने बनाइए। इन्हें नीचे दिए गए स्थान पर बनाकर दिखाइए —






5. मोहित ने माचिस की 10 तीलियों से तीन वर्ग बनाए। आप माचिस की 12 तीलियों से कितने वर्ग बना सकते हैं?






@KEBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 5.indd 56 3/7/2025 11:29:52 AM

# त्रिभुज ही त्रिभुज




त्रिभुज का वर्णन कीजिए—

त्रिभुजों की ..... भुजाएँ होती हैं। इनके ..... कोने होते हैं।

## आइए करते हैं

1. अपने आस-पास दिखाई देने वाली कुछ त्रिभुजाकार त्रिकोणीय वस्तुओं के चित्र अपनी अभ्यास पुस्तिका में बनाइए और उनके नाम लिखिए।

2. नीचे दी गई रंगोलियों में त्रिभुजों की संख्या गिनिए और लिखिए—

(क)




.....

(ख)




.....

3. इस वृत्त पर बिंदुओं का उपयोग करके कितने अलग-अलग त्रिभुज बनाए जा सकते हैं?



4. माचिस की दो तीलियों को हिलाकर एक त्रिभुज को दो त्रिभुजों में बदलिए।



**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थियों को अलग-अलग प्रकार के त्रिभुज बनाने के लिए कागज को मोड़ने और काटने दें। विद्यार्थियों को तीलियों और गीली मिट्टी आदि से भी त्रिभुज बनाने के लिए प्रोत्साहित कीजिए।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 5.indd 57 3/7/2025 11:29:53 AM

# वृत्त के साथ सर्कस



## आइए चर्चा करते हैं


1. क्या आप कभी सर्कस देखने गए हैं?
2. वृत्त कैसा दिखता है? वृत्त एक आयत से कैसे भिन्न है?

## आइए करते हैं

1. कुछ ऐसी वस्तुओं के नाम बताइए जो वृत्त की तरह हैं —

.....

2. सर्कस के दृश्य को पूरा करने के लिए रंगीन वृत्त बनाइए —



3. अपनी अभ्यास पुस्तिका में बोतल के ढक्कनों, चूड़ियों और छल्लों इत्यादि के चारों ओर अनुरेखण करते हुए वृत्त बनाइए।

© @KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 5.indd 58 3/7/2025 11:29:53 AM

विद्यार्थी एक खेल खेल रहे हैं। उन्होंने भूमि पर एक वृत्त बना रखा है।

क्या आपने कोई ऐसा खेल खेला है जहाँ आपको वृत्त बनाने की आवश्यकता होती है?

.....

खेल के मैदान पर एक वृत्त बनाने का प्रयास कीजिए—






© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED




Chapter 5.indd 59 3/7/2025 12:35:52 PM

आइए हम एक कागज की प्लेट लें और उसे इन विद्यार्थियों की तरह आधा-आधा मोड़ें।

जिस बिंदु पर ये रेखाएँ मिलती हैं, वह वृत्त का केंद्र है।


वृत्ताकार आकारों का उपयोग करके कुछ कठपुतलियाँ बनाइए और उनके साथ खेलिए।




## आइए करते हैं

1. नीचे दिए गए दोनों आकारों को देखिए तथा उनकी समानताओं और विषमताओं पर चर्चा कीजिए। उपयुक्त शब्द पर ✓ का चिह्न लगाइए —










(क) दोनों के कोनों की संख्या है: एक समान / अलग-अलग

(ख) भुजाओं की संख्या है: एक समान / अलग-अलग

2. किन्हीं दो आकारों को चुनिए। इन आकारों की समानताओं और विषमताओं के विषय में अपने मित्रों से चर्चा कीजिए।




@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 5.indd 60 3/20/2025 1:52:30 PM

3. नीचे दिए गए आकारों में सबसे बड़ा आयत खोजिए—




4. मैंने एक त्रिभुज बनाया। फिर मैंने त्रिभुजों की एक और पंक्ति बनाई। दूसरे चित्र में कितने त्रिभुज हैं?


.....


यदि मैं एक और पंक्ति बनाऊँ। तो तीसरे चित्र में कितने त्रिभुज होंगे?

.....



5. यहाँ कुछ आयत हैं जो कटे हुए हैं। प्रत्येक आकार से कितने वर्गाकार टुकड़े कटे हुए हैं?





@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थी 'मेरा आयत ढूँढ़ें खेल' खेल सकते हैं। बिंदुकित कागज का प्रयोग करें। एक विद्यार्थी बिंदुकित कागज पर एक आयत की 2 विपरीत भुजाओं को बनाता है। अन्य विद्यार्थी उस आयत को पूरा करते हैं।


6. इनमें से प्रत्येक आकार अलग-अलग हो सकता है।




प्रत्येक आकार अलग-अलग कैसे है? चर्चा कीजिए।

7. आयत को पूरा करने के लिए दाईं ओर के आकार में आए खाली स्थानों को भरने के लिए बाईं ओर से लिए जाने वाले उपयुक्त आकारों पर ✓ का चिह्न लगाइए—






8. नीचे दिए गए आकार को तीन त्रिभुजों में विभाजित करने के लिए दो रेखाएँ खींचिए—



9. नीचे दिए गए आकार को तीन त्रिभुजों में विभाजित करने के लिए एक रेखा खींचिए—



10. अपनी अभ्यास पुस्तिका में विभिन्न आकारों और अभिविन्यासों (कोणीय स्थिति) के साथ निम्नलिखित आकार बनाइए—

(क) त्रिभुज

(ख) आयत

(ग) वृत्त

(घ) अन्य आकार


© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 5.indd 62 3/7/2025 11:29:55 AM


# बिंदु और रेखाएँ





घुमावदार और सीधी दोनों तरह की रेखाओं का उपयोग करके किनारियों पर बना डिजाइन बनाने का प्रयास कीजिए—

निम्नलिखित पंक्ति के पैटर्न को आगे बढ़ाइए—



## टैनग्राम

पुस्तक के अंत में दी गई टैनग्राम पहेली के टुकड़ों का उपयोग कीजिए। क्या आप कुछ टुकड़ों का उपयोग करके ये आकार बना सकते हैं?



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 5.indd 63 3/7/2025 11:29:56 AM

# 6 सैकड़ों का घर-1




0334CH06

दादीजी, जया और तेज मेले में आए हैं। तोरणों में त्रिभुजों की संख्या का अनुमान लगाइए।




आइए पता करें कि कुल कितने त्रिभुज हैं?




एक तोरण में कितने त्रिभुज हैं? ☐

सभी त्रिभुजों को गिनने का प्रयास कीजिए।


**कुल त्रिभुज** = 200 से 50 अधिक अर्थात 250





**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थियों को 200 से अधिक वस्तुओं को गिनने में सहायता कीजिए और उन्हें दिखाएँ कि पहले की तरह संख्या-नामों का उपयोग कर गिनती कैसे की जा सकती है।

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED



अनुमान लगाइए कि यहाँ कितनी चूड़ियाँ हैं।

चूड़ियों की कुल संख्या गिनने का प्रयास कीजिए। देखिए जया कैसे गिन रही है।


**कुल चूड़ियाँ** = 200 और 80 अर्थात 280

*इतनी सारी चूड़ियाँ! आइए गिनें।*
*1, 2, 3... 10, 20, 30... 100, 110...*
*200, 210... 270, 280*



अनुमान लगाइए कि डिब्बों में कितनी टॉफियाँ हैं?

गिनिए और सही संख्या का पता लगाइए।





*ये तो बहुत सारी टॉफियाँ हैं! आइए गिनें। 10, 20, 30...*
*100, 110, 120... 190, 200, 210... 290,*
*291, 292, 293..., 298*

तेज के हाथ में 2 टॉफियाँ हैं।

कुल मिलाकर कितनी टॉफियाँ हैं?

*298 और एक मिलकर हुए*
*299 तथा*
*299 और एक मिलकर हुए 300*

298 + 1 = 299

299 + 1 = 300

तोरणों में 300 त्रिभुज पूरे करने के लिए और कितने त्रिभुज चाहिए?

ऊपर चूड़ियाँ 300 से कितनी कम हैं?

किसकी संख्या अधिक है; चूड़ियों की अथवा त्रिभुजों की?



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



Chapter 6.indd 65 3/6/2025 4:59:56 PM

## आइए करते हैं

1. तेज मेले के अंदर टाइल वाले पथ पर कूद रहा है। खाली टाइलों को संख्याओं से भरिए—



211 212 ..... ..... ..... 216 ..... ..... ..... .....

2. रिक्त स्थानों को सही संख्याओं से भरिए—

(क)

..... ..... ..... 294 295 ..... ..... ..... ..... .....

..... 302 ..... ..... ..... ..... ..... ..... ..... 310

(ख)



..... ..... 227 ..... ..... 230 ..... ..... ..... 234



(ग)



..... 382 ..... ..... ..... ..... 387 ..... ..... 390



3. चींटियों को जमीन पर भोजन मिल गया है। अनुमान लगाइए कि यहाँ कितनी चींटियाँ हैं। गिनिए और जाँच कीजिए—





**शिक्षक के लिए टिप्पणी** – विद्यार्थियों से पूछें कि उन्हें अलग-अलग उत्तर क्यों मिले और हम इन्हें शीघ्रता से कैसे कर सकते हैं? 10 के समूह बड़ी संख्याओं को सही ढंग से गिनने में अधिक प्रभावी हैं इसको उत्तरों में भिन्नता को दिखाने के अवसर के रूप में उपयोग किया जाना चाहिए। विद्यार्थियों को सही गिनने की विधियाँ बनाने में सहायता कीजिए।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS






Chapter 6.indd 66 3/6/2025 4:59:57 PM



जया और तेज ने तीलियों की सहायता से संख्याएँ लिखना सीख लिया है। वे संख्या-वाक्यों को एक से अधिक विधियों से भी लिख सकते हैं।



